आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹101119/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹123500/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹134812/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026


# आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को दिए जाएंगे विद्यारंभ सर्टिफिकेट, इसके आधार पर स्कूलों में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश से पहले अब सर्टिफिकेट मिलेगा। यह सर्टिफिकेट विद्यारंभ नाम से रहेगा। इस सर्टिफिकेट से साबित होगा कि बच्चे प्ले स्कूल स्तर की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं और औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। छत्तीसगढ़ राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं।

## नए साल में बदलाव, बच्चों की पढ़ाई होगी सुविधाजनक

### पहली कक्षा की दाखिले में यह सर्टिफिकेट महत्वपूर्ण

विद्यारंभ सर्टिफिकेट बच्चों की सालाना गतिविधियों और उनकी शिक्षा का स्तर का आंकलन होगा। उसके बाद विद्यारंभ सर्टिफिकेट वितरित किया जाएगा। बच्चों के सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बच्चे स्कूल के माहौल में आसानी से ढल सकें इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को प्री-स्कूल की तरह भाषा, पहचान, रंग, आकृतियां, सामाजिक व्यवहार जैसे गतिविधियां सिखाई जा रहीं हैं।



### इसलिए शुरू किया है विद्यारंभ सर्टिफिकेट

महिला बाल विकास विभाग के दुर्ग जिला अधिकारी आरके जामुलकर ने बताया कि विद्यारंभ सर्टिफिकेट व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को शुरूआती उम्र में ही शिक्षित व आत्मविश्वासी बनाना है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को कक्षा एक के लिए आवश्यक बुनियादी शिक्षा भी दी जा रही है। विद्यारंभ सर्टिफिकेट बच्चों की इस तैयारी को मान्यता देगा। इससे अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ेगी और बच्चे बिना किसी डर व झिझक के स्कूल में कदम रख पाएंगे। इस उद्देश्य से यह सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। सर्टिफिकेट देने की विभाग की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। हमने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की जानकारी मंगवाई है। ताकि बच्चों को विद्यारंभ सर्टिफिकेट बांट सकें।

### 45 हजार बच्चों को मिलेगा विद्यारंभ सर्टिफिकेट

*दुर्ग जिले में 1513 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 3 से 6 साल आयु वर्ग के करीब 45 हजार बच्चे हैं। इन बच्चों को ये प्रमाण पत्र बांटा जाना है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक सर्टिफिकेट छपाई का काम पूरा हो चुका है। इस प्रमाण पत्र में बच्चों का अपार आईडी नंबर भी दर्ज होगा। यानी की इन्हीं प्रमाण पत्र के आधार पर आगे इनकी स्कूलिंग होगी। वहीं इन प्रमाण पत्र में बच्चों के संदर्भ में विभिन्न जानकारियां होंगी। जैसे की बच्चों की सबसे ज्यादा रुचि किस क्षेत्र में है। साथ ही आंगनबाड़ी में उनकी गतिविधियां क्या क्या होतीं हैं। इस तरह की जानकारी दर्ज रहेगी।*

### बच्चों को इस तरह दी जा रही है शिक्षा

*आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मेरा शरीर, मैं और मेरे दोस्त, रिमझिम बारिश, पानी रे पानी, जानवरों की दुनिया, पेड़-पौधे - हमारे दोस्त, खाना-खजाना, आई ठंड, हवा, आओ करें सवारी, हमारे मददगार, गर्मी, छतरी अंबर, चांद सितारे, हमारे त्योहार जैसे संदर्भ पढ़ाए जा रहे हैं। केन्द्रों में किताबों को तीन भाग में बांटकर बच्चों की उम्र के हिसाब से पढ़ाया जा रहा है। उम्र के* ▶▶| शेष पेज 7 पर

# आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी की एंट्री से बवाल, खेल मंत्रालय ने पल्ला झाड़ा

*इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को मिनी-ऑक्शन में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदने के बाद से देशभर में बवाल मचा हुआ है। लोग इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि आखिर बांग्लादेशी खिलाड़ी आईपीएल खेलेगा या फिर उसके खेलने पर रोक लगेगी। इन सबके बीच अब खेल मंत्रालय ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि इस मामले में जो भी निर्णय लेना है वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को ही लेना है सरकार को नहीं। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी जबकि लीग का फाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा।*

## कहा- इसका निर्णय सरकार नहीं, बीसीसीआई करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के बीच रहमान के आईपीएल में खेलने का विरोध हो रहा है। इसको लेकर न केवल राजनीतिज्ञ बल्कि धर्माचार्य, खेल प्रेमी और आम लोग भी तरह-तरह के बयानबाजी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में पिछले 13 दिन में 3 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है जिसको लेकर भारत में बांग्लादेश के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है और शाहरुख खान की केकेआर टीम के बहिष्कार करने तक की बात ▶▶| शेष पेज 7 पर



### हमें कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला

इधर, बीसीसीआई ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों के आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर उठे विवाद पर कहा कि उन्हें सरकार से कोई ऐसी चिट्ठी नहीं मिली है जिसमें बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने से रोकने के लिए कहा गया हो। अधिकारी ने 'यह हमारे हाथ में नहीं है। बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग में खेलने से रोकने को लेकर सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है। हम ज्यादा कुछ नहीं कह सकते।'

### इमाम इलियासी बोले- शाहरुख देश से माफी मांगे

आईपीएल की केकेआर में बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को शामिल किए जाने पर चल रहे विवाद के बीच अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम इल्यासी ने शाहरुख खान से पूरे देश से माफी मांगने की मांग की है। इमाम ने कहा यह खेदजनक है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की जानकारी होने के बावजूद शाहरुख खान की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सिर्फ पाक टीम व खिलाड़ियों पर रोक : खेल मंत्रालय

*बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के मामले में खेल मंत्रालय ने कहा- भारत की स्पोर्ट्स पॉलिसी में बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने या बांग्लादेशी खिलाड़ियों के आईपीएल खेलने पर कोई रोक नहीं है। इस तरह की रोक सिर्फ पाकिस्तान की टीम और उसके खिलाड़ियों के ऊपर ही है। मुस्तफिजुर आईपीएल 2026 में खेलेंगे या नहीं इस पर फैसला बीसीसीआई को लेना है, सरकार को नहीं।*

ईडी और ईओब्ल्यू की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती

# पांच माह से जेल में बंद पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य को बड़ी राहत, मिली बेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। पांच माह से जेल में बंद चैतन्य को जमानत मिल गई। इससे पहले जमानत याचिका पर बहस पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। यह राहत उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और छत्तीसगढ़ एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी और ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज केसों में मिली है। ध्यान रहे कि ईडी ने चैतन्य बघेल को पिछले साल जुलाई 2025 में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जबकि भ्रष्टाचार के मामले में सितंबर में एसीबी ने उन्हें तब गिरफ्तार किया जब वे पहले से ही जेल में थे। जांच एजेंसियों के ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अपराध सिर्फ यही कि पूर्व सीएम के बेटे हैं

*अपनी जमानत याचिका में चैतन्य बघेल की ओर से पेश एडवोकेट फैजल रिजवी ने कोर्ट को बताया कि पप्पू बंसल के बयान को आधार मानते हुए चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई है, जो सही नहीं है। पप्पू बंसल के खिलाफ गैर जमानती वारंट है और वह बाहर घूम रहे हैं। इसलिए किसके दबाव में उन्होंने इस तरह का बयान दिया है यह आप समझ सकते हैं। याचिका में कहा गया कि 2022 से शराब घोटाले मामले में जांच चल रही है, और तीन साल बाद चैतन्य बघेल की* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### घोटाले का पैसा चैतन्य तक पहुंचा

कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील सौरभ पाण्डेय ने बताया कि शराब घोटाले की जो जांच चल रही है उसमें सामने आया है कि चैतन्य बघेल ने बहुत सारे पैसे की लेयरिंग की है। 1000 करोड़ का लेनदेन किया है। इसके साथ ही पप्पू बंसल ने अपने बयान में खुलासा किया है कि शराब के घोटालों के पैसों को चैनलाइज्ड करके ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी एक नौका भी जब्त की गई है। श्रीलंका नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि मछुआरों को उत्तरी प्रांत में कंकेसंथुरई के उत्तर में बृहस्पतिवार देर रात को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, "वे क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे और क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद मछली पकड़ना जारी रखा।

### हवाई अड्डे पर दो तस्करों से 21 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से लगभग 21 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को 31 दिसंबर को बैंकॉक से आने के बाद रोका गया। काले रंग के दो ट्रॉली बैग की जांच के दौरान अधिकारियों को उनके भीतर छिपाकर रखे गए पॉलीथीन बैग मिले।

ग्रामीण को कर रहा था परेशान

## एसडीएम के बाबू ने मांगी रिश्वत, एक लाख नकद के साथ एसीबी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ एसडीएम कार्यालय में पदस्थ बाबू अनिल कुमार चेलक को बिलासपुर एसीबी की टीम ने एक लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी एक ग्रामीण की जमीन से जुड़ी शिकायत को रफा दफा करने के बदले 2 लाख की मांग कर रहा था।

मिली जानकारी के अनुसारए सौदे की पहली किस्त के रूप में जैसे ही आरोपी ने 1 लाख लिया एसीबी के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने रकम को अपने आवास के पीछे फेंकने की कोशिश की, लेकिन सतर्क एसीबी की टीम ने तुरंत पैसे बरामद कर लिया। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के ▶▶| शेष पेज 7 पर



### रिश्वत खोरी के मामले में टॉप पर रायगढ़

एसीबी बिलासपुर से मिली जानकारी अनुसार बीते साल 2025 में एसीबी की टीम ने करीब दर्जन भर सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते पकड़ा था। याने प्रदेश भर में रायगढ़ जिला ही है एक ऐसा जिला है जहां सबसे अधिक एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की कार्रवाई की है। याने रिश्वतखोरी के मामले में रायगढ़ टॉप पर है।

चार्जशीट में कुल 13 आरोपी बनाए गए हैं

## सीजी पीएससी में सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया फाइनल चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सीजीपीएससी घोटाला में शुक्रवार को सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में करीब चार सौ पन्नों की फाइनल चार्जशीट पेश कर दी है। घोटाला में तत्कालीन सीजी पीएससी के अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक सहित 13 आरोपी बनाए गए हैं। चार्जशीट में आखिरी में उत्कर्ष चंद्राकर को भी सीबीआई ने आरोपी बनाया है। परीक्षा में शामिल होने वाले 29 परिक्षार्थियों को सीबीआई ने गवाह बनाया है। चार्जशीट पेश होने के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यह है पूरा मामला

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला 2020 से 2022 के बीच हुई भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़ा है। आरोप है कि आयोग की परीक्षाओं और इंटरव्यू में पारदर्शिता को दरकिनार कर राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख वाले परिवारों के उम्मीदवारों को उच्च पदों पर चयनित किया गया। इस दौरान योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य राजपत्रित पदों पर अपने नजदीकी लोगों को पद दिलवाने का खेल हुआ। प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी।






प्रयागराज में आज से प्रारम्भ हो रहा माघ मेला

# 'मेला रेल सेवा ऐप' देगा ट्रेन से लेकर मेडिकल हेल्प तक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 3 जनवरी से माघ मेला 2026 की शुरुआत हो रही है, जो 15 फरवरी तक चलेगा.पिछले साल महाकुंभ 2025 की तरह इस बार भी रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। मेला रेल सेवा–2026 पोर्टल उत्तर मध्य रेलवे की ओर से बनाया गया है। इसमें यात्रियों को घर बैठे ही सभी जानकारियां मिल जाएंगी। इसके अलावा रेलवे ने मेला के दौरान कई विशेष ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, झूसी सहित 9 स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। कुछ ट्रेनों का अस्थाई ठहराव ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कुंभ में भी शुरू किया गया था ऐप

बता दें कि इससे पहले महाकुंभ के लिए भी रेलवे ने इसी तरह का 'कुंभ रेल सेवा' ऐप और पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई थी। अब माघ मेला के लिए इसे अपडेट करके 'मेला रेल सेवा–2026' नाम दिया गया है।



### इस ऐप से क्या-क्या मिलेगी जानकारी

*ट्रेन जानकारी: मेला स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल, स्टॉपेज, उपलब्ध सीटें और टिकट बुकिंग की सुविधा। यात्री सुविधाएं: स्टेशनों पर विश्राम गृह, वेटिंग रूम, पानी, शौचालय और अन्य व्यवस्थाएं। मेडिकल सहायता: मेला क्षेत्र और स्टेशनों पर उपलब्ध डॉक्टर, एम्बुलेंस और हेल्पलाइन नंबर। स्टेशन गाइड: प्रयागराज के सभी स्टेशनों का नक्शा, प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर और मेला क्षेत्र तक पहुंचने का रास्ता।*

### माघ मेला प्रयागराज

- मेला प्रारंभ - 3 जनवरी शनिवार।
- मेला समापन - 15 फरवरी रविवार।
- कुल अवधि - 44 दिन।
- स्थान - त्रिवेणी संगम, प्रयागराज

### माघ मेला 2026 प्रमुख स्नान तिथियां

पौष पूर्णिमा स्नान - 3 जनवरी। मकर संक्रांति स्नान - 14 जनवरी। मौनी अमावस्या स्नान - 18 जनवरी। बसंत पंचमी स्नान - 23 जनवरी। माघी पूर्णिमा स्नान - 1 फरवरी। महाशिवरात्रि स्नान - 15 फरवरी 2026।

# सोशल मीडिया में वीडियो डाल युवक ने लगाई फांसी, सिटी कोतवाली का घेराव

दो दिन पहले सरकंडा में हुए आपसी विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। खुदकुशी करने से पहले युवक ने सोशल मीडिया में वीडियो डालकर आरोपी सोहेल खान और पुलिस पर आरोप लगाया है। युवक की मौत के बाद हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना शुरू कर दी है।

## युवकों के बीच हुआ था विवाद, मारपीट से क्षुब्ध होकर मौत को लगाया गले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पुलिस के अनुसार मृतक नरेश साहू पिता सुशील साहू बरमार मुंगेली का रहने वाला है और गणेश चौक चिंगराजपारा में किराए के घर पर रहता था। सरकंडा के इंडेन गैस एजेंसी में काम करता है। 30 दिसंबर की रात में सरकंडा से घर जाते वक्त उसकी गाड़ी की भिड़ंत खपरगंज निवासी सोहेल खान के साथ हो गई थी। इस दौरान सोहेल खान ने युवक नरेश साहू को हिन्दू संगठनों के साथ काम करने के नाम पर जमकर मारपीट की थी, इस घटना की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज है। पुलिस मामले में जांच कर रही थी। एक जनवरी को पुलिस ने नरेश साहू का बयान भी लिया था और शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कथन के लिए सिटी कोतवाली बुलाया गया था। इस दौरान पुलिस को पता चला कि वह अपने घर मुंगेली चला गया है, जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी युवक सोहेल खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सीसीटीवी के आधार पर बयान मैच नहीं

बताया जा रहा है कि नरेश साहू के साथ सोहेल खान व अन्य युवक ने मारपीट की थी। जिसके बाद नरेश ने सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में आसपास के सीसीटीवी देखने के बाद पुलिस ने नरेश को बताया था कि एफआईआर के मुताबिक सोहेल वहां मौजूद नहीं था।

### मामले की जांच की जा रही

मृतक ने एफआईआर दर्ज कराया था, जांच के लिए पुलिस ने उसे बुलाया होगा। हमें बाद में पता चला कि उसने मुंगेली में खुदकुशी कर ली है। वीडियो के सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है।

-रजनेश सिंह, एसएसपी, बिलासपुर

### युवक ने लगाया है आरोप

मौत से पहले सोशल मीडिया पर विडियो डालकर नरेश साहू ने हिन्दू संगठनों के लोगों से न्याय की मांग की है। उसने पुलिस पर भी बयान बदलने का दबाव बनाने की बात कही है। साथ ही सोहेल खान व अन्य लोगों के द्वारा धमकी मिलने की बात कही है। मामले में सभी पक्षों को लेकर जांच में जुट गई है।

### हिन्दू संगठनों ने घेरा थाना

युवक की मौत के बाद हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली का घेराव कर दिया और आरोपी के गिरफ्तार की मांग की है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नरेश को हिन्दू कार्यकर्ता होने के कारण ही मामूली एक्सीडेंट पर मारपीट की गई थी, जिससे उसके शरीर पर कई जगहों पर निशान थे। नरेश द्वारा 31 दिसंबर को कराई गई एफआईआर में भी हिन्दू संगठन में काम करने को लेकर मारपीट की बात कही गई थी।

## खबर संक्षेप

### घायल पत्नी और बच्चे को देखने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**राजनांदगांव।** जिले के छुरिया थाना अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। पत्नी व बच्चों के घायल होने की जानकारी मिलने पर आनन-फानन में उन्हें देखने अपनी दो पहिया वाहन में सवार होकर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरिया पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में भिडंत होने से एक बाइक में सवार महिला व अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से राजनांदगांव चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना मिलने पर महिला के पति शोभित कुमार 40 वर्ष बाइक में सवार होकर अपनी पत्नी को देखने जा रहे थे। वे बीती देर शाम जब भरकाटोला के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री लाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ऑनलाइन काटे गए 386 कनेक्शन, 31 पर एफआईआर

**नवापारा-राजिम।** विद्युत वितरण कंपनी नवापारा-राजिम संभाग के द्वारा बकाया राशि वसूली अभियान हेतु स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऑनलाइन डिस्कनेक्शन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत प्रारंभिक रूप से कुल 386 बकायादारों जिनकी बकाया राशि 71.35 लाख रू. है का स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऑनलाईन डिस्कनेक्शन किया गया। कुल बिजली कटने के बाद 132 उपभोक्ताओं के द्वारा 21.64 लाख का भुगतान किया गया जिस पर उनका बिजली तुरंत बहाल भी कर दिया गया। साथ ही बिजली कटे कनेक्शनों पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा सतत निगरानी कर लाइन कटने के पश्चात भी अनुचित एवं अवैधानिक माध्यम से मीटर का सील तोड़कर, बायपास कर, मीटर छेड़छाड़ कर लाइन जलाते हुए कुल 31 उपभोक्ता को पकड़ा गया है जिसकी एफ आई आर थाने में दर्ज किया गया है एवं विशेष न्यायालय में परिवाद दर्ज करने कि कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। अगामी दिवसों में बकायादारों से वसूली हेतु स्मार्ट मीटर के माध्यम से वृहद रूप से लाइन काटी जाएगी।

### गंभीर धाराओं के तहत की गई कार्रवाई, बाकी की तलाश जारी

# महिला आरक्षक के कपड़े फाड़ने और अभद्र व्यवहार करने वाले दो गिरफ्तार

जिले के तमनार क्षेत्र से एक बेहद ही शर्मनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसने पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश को भी झकझोर कर रख दिया है। कोयला खदान के विरोध में चल रहे आंदोलन के दौरान भीड़ ने अपनी ड्यूटी निभा रही एक महिला कांस्टेबल के साथ अमानवीय और निंदनीय व्यवहार किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को दबोचा है। जबकि बाकी की तलाश जारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वायरल वीडियो के अनुसार उग्र भीड़ ने महिला कांस्टेबल को दौड़ाकर खेत में गिरा दिया और उसके कपड़े फाड़ने लगे। महिला आरक्षक अपनी अस्मत बचाने के लिए एक हाथ से कपड़े संभालती रही और दूसरे हाथ से भीड़ को रोकने की कोशिश करती रही। वह लगातार रोते हुए कहती रही छोड़ दो भाई प्लीज मैं अब नहीं आऊंगी मुझे यहां भेजा गया है, लेकिन आंदोलन की आड़ में खड़े कुछ वहशी तत्वों पर उसकी मिन्नतों का कोई असर नहीं हुआ। गालियां दी जाती रही और सरेआम एक महिला पुलिसकर्मी का अपमान किया जाता रहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही पुलिस प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अन्य फुटेज की बारिकी से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने स्पष्ट कहा कि महिला पुलिसकर्मी के साथ इस तरह का कृत्य अक्षम्य है। कानून अपना काम करेगा।

**गिरफ्तारी के बाद महिला आरक्षकों ने घेरा, कड़ी कार्रवाई की मांग**



हरिभूमि फॉलोअप

### बाइक में जा रहे थे हुई सड़क दुर्घटना

# हादसे में प्रधान आरक्षक घायल चालक एएसआई पर मामला दर्ज

**कांकेर।** विशेष शाखा कांकेर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चंद्रभान मरकाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने मोटरसाइकिल चालक सउनि पवन जैन के खिलाफ तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने को लेकर थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना से मिली जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को प्रधान आरक्षक 51 वर्षीय चंद्रभान मरकाम, जो कि जिला विशेष शाखा कांकेर में पदस्थ हैं, कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद सउनि पवन जैन के साथ थाना अंतागढ़ क्षेत्र के ग्राम कानागांव स्थित शीतला मंदिर में आग लगने की घटना की जानकारी लेने रवाना हुए थे। दोनों सउनि पवन जैन की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1801 से कांकेर से अंतागढ़ जा रहे थे, जिसमें चंद्रभान मरकाम पीछे बैठे हुए थे। 20 दिसंबर की दोपहर लगभग सवा 12 बजे कोरर थाना के सामने सउनि पवन जैन द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में प्रधान आरक्षक चंद्रभान मरकाम के दाहिने पैर की टखने के ऊपर गंभीर फ्रैक्चर हो गया। घटना के तुरंत बाद कोरर थाना स्टाफ के सउनि उमेश वर्मा, आरक्षक ईश्वर कावड़े एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। घायल प्रधान आरक्षक को देख कोरर थाना स्टाफ के वाहन से आरक्षक अशोक मारगिया एवं सैनिक जोहन नेताम द्वारा उन्हें कांकेर स्थित शासकीय कोमलदेव अस्पताल पहुंचाया गया। घायल प्रधान आरक्षक का इलाज 20 दिसंबर से 29 दिसंबर तक जिला अस्पताल में चला। स्वस्थ होने के पश्चात 1 जनवरी 2026 को उन्होंने थाना कांकेर पहुंचकर दुर्घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है।



# बस्तर पंडुम सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि बस्तर की है आत्मा : साय

## बस्तर की कला, संस्कृति और परंपराओं को समर्पित बस्तर पंडुम का लोगो, थीम गीत का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला, लोकपरंपराओं और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन वर्ष 2026 में भी गत वर्ष की भांति भव्य और आकर्षक रूप में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद के साथ मंदिर प्रांगण में बस्तर पंडुम का लोगो, थीम गीत का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम, बस्तर की असली आत्मा और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त मंच है। बस्तर पंडुम सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा है। छत्तीसगढ़ की असली पहचान हमारी आदिवासी परंपराओं में है। हम नृत्य, गीत, शिल्प, व्यंजन, वन-औषधि और देवगुड़ियों के जरिए इन परम्पराओं और संस्कृति को जीते हैं। पिछले साल हमने बस्तर पंडुम की शुरुआत की थी। तब समापन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आए थे। हम राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री समेत विभिन्न देशों के राजदूतों को आमंत्रित कर रहे हैं।



### लाल आतंक समाप्त हो कर रहेगा: डिप्टी सीएम

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंडुम का मतलब होता है पर्व, बस्तर में खुशियों को बढ़ाने के समय-समय पर विभिन्न पर्व पंडुम मनाते हैं। किसी भी पर्व की शुरुआत माता के आशीर्वाद से करने की परंपरा है। इसी तारतम्य में बस्तर पंडुम की शुरुआत मां दंतेश्वरी के मंदिर परिसर से किया जा रहा है। पचास सालों का बस्तर बदल रहा है। बस्तर में शांति का प्रयास अब सफल हो रहा है मार्च 2026 तक लाल आतंक समाप्त हो कर रहेगा।

### श्री राम ने दंडकारण्य में समय गुजारा: वन मंत्री

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की कला, संस्कृति, परंपरा गर्व का विषय है। इस समृद्ध संस्कृति और पहचान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास बस्तर पंडुम के माध्यम से किया जा रहा है। पौराणिक काल में भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान दंडकारण्य क्षेत्र में समय गुजारा है। ऐसे क्षेत्र में सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करने की पहल सरकार ने की है।




### सुनवाई के पश्चात जनहित में सिद्ध होने पर सुरक्षा राशि वापस की जा सकती

# हाईकोर्ट में अब जनहित याचिका के साथ 15 हजार की सुरक्षा राशि जमा करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में विभिन्न मामलों पर जनहित याचिका लगाने वालों के लिए अब याचिका के साथ 15 हजार रुपए की सुरक्षा राशि जमा करना जरूरी हो गया है। इस संबंध में इस धनराशि को कम करने का आवेदन हाईकोर्ट की खंडपीठ ने स्वीकार नहीं किया। ध्यान रहे कि इससे पूर्व में यह सुरक्षा राशि 5000 हुआ करती थी। जिसे कुछ समय पूर्व हाईकोर्ट में संशोधित करके 15000 कर दिया है।

शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की खंडपीठ में कोरबा के लक्ष्मी चौहान, अरुण श्रीवास्तव एवं सपूरन दास की ओर से कोरबा जिला डीएफ फंड में अनियमितता से संबंधित जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इस दौरान 15 हजार रुपए की धनराशि को माफ करने या इस कम किए जाने का आवेदन खंड पीठ ने स्वीकार नहीं किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और सुदीप वर्मा ने कहा कि पूर्व में यह धनराशि 5000 होती थी और अब इसे तीन गुना बढ़ा दिया गया है। इसलिए इसे कम कर दिया जाए। इस मांग पर खंडपीठ ने असहमति जताई। ध्यान रहे कि प्रस्तुत जनहित याचिका में कोरबा डीएमएफ फंड के तहत पिछले 10 सालों में 4000 करोड रुपए के उपयोग के पूर्व डीएमएफ नियमों और अन्य गाइडलाइन में उल्लंघन की बात कही गई है। याचिका में इस फंड के द्वारा लगाई जा रही नौकरियों में प्रभावित व्यक्तियों को मौका नहीं दिए जाने बिना सोचे समझे मनमाने तरीके से बिल्डिंगों में पैसा खर्च करने और कई प्रभावितों को लाभ नहीं देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



### तो याचिका स्वमेव रद्द मानी जाएगी

याचिका कर्ता की ओर से यह भी निवेदन किया गया कि यदि बाद में हाईकोर्ट को लगता है कि याचिका गलत विषय पर या गलत तरीके से लगाई गई थी तो याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जा सकता है, इसलिए प्रारंभ मे इतनी बड़ी धनराशि जमा करने में छूट दी जाए। हाईकोर्ट ने इसे भी स्वीकार नहीं किया और कहा कि गंभीर विषय पर जनहित याचिका लगाने वाले लोगों को 15 हजार रुपए जमा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। खंडपीठ ने कहा कि यदि सुनवाई के बाद उन्हें लगेगा की याचिका वास्तव में जनहित के लिए थी तो यह धनराशि वापस की जा सकती है। सुनवाई के बाद अपने आदेश में खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अगले शुक्रवार तक यह 15 हजार रुपए की धन राशि जमा करें और उसके बाद 12 जनवरी सोमवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# स्टेट कैपिटल रीजन के सेटअप को मंजूरी, अब बनेगा बोर्ड, सीएम अध्यक्ष, चार मंत्री भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के स्टेट कैपिटल रीजन यानी (एससीआर) के 210 पदों के सेटअप को राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब नया राजधानी क्षेत्र के विकास का पहला दरवाजा खुल गया है। सेटअप की मंजूरी के बाद अब बोर्ड का गठन किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सीएसआर अब लेगा तेजी से आकार, नए बजट में बड़े प्रावधान संभावित
- चार निगम सहित 23 निकाय और 700 गांव होंगे शामिल



## अब एससीआर का कामकाज होगा तेज

बताया गया है कि सेटअप को मंजूरी मिलने के साथ ही एससीआर के कामकाज में तेजी आएगी। दरअसल एससीआर गठन की प्रक्रिया के अलग-अलग दौर में कई तरह के काम किए गए हैं। इसमें सेटअप बनाने से लेकर विधि विभाग से परामर्श आदि भी शामिल है। इसी क्रम में अब एससीआर बोर्ड का गठन किया जाएगा। बताया गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित होने वाले इस बोर्ड में सरकार के चार मंत्री शामिल हो सकते है। बोर्ड की संरचना में मुख्यमंत्री (चेयरपर्सन), शहरी प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, पर्यावरण मंत्री, राज्य सचिव और स्थानीय प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

## 4 निगम सहित 23 निकाय होंगे हिस्सा

एससीआर में रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग-भिलाई को शामिल किया गया है। कुल 4 नगर निगम और 23 नगरीय निकाय इसका हिस्सा होंगे। अधिकारियों का अनुमान है कि कैपिटल रीजन की जनसंख्या 2031 तक 50 लाख तक पहुंच सकती है। यह क्षेत्र शहर नियोजन, निवेश, भूमि उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और विकास गतिविधियों के समन्वय का केंद्र होगा। इसके लिए कैपिटल रीजन डेवलपमेंट फंड बनाया जाएगा और सीआरडीए को विशेष अवसंरचना उपकर लगाने का अधिकार दिया जाएगा।

## 700 गांव भी होंगे शामिल

बताया गया है कि शुरुआत में लगभग 700 गांवों को कैपिटल रीजन में शामिल करने की योजना है ताकि शहरी और ग्रामीण विकास को संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जा सके। पूरे क्षेत्र का मास्टर प्लान 'ओवल शेप' में तैयार होगा, जो सभी प्रमुख कस्बों और शहरों को जोड़ेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस बात की संभावना भी है कि अगर एससीआर का विस्तार जरुरी हुआ तो इसमें अभनपुर और राजनांदगांव को भी शामिल किया जा सकता है।

## नए बजट में हो सकता है बड़ा प्रावधान

इधर राज्य सरकार का नया बजट 2026-27 फरवरी-मार्च में आने वाला है। जानकारों का कहना है कि नए बजट में एससी आर के लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया जा सकता है। 2024-25 के बजट में एससीआर कार्यालय और डीपीआर तैयार करने के लिए 5 करोड़ रुपये अलग रखे गए थे। रायपुर-दुर्ग मेट्रो रेल लिंक के लिए भी 5 करोड़ रुपये की प्रारंभिक सर्वे व्यवस्था की गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फलस्तीनी झंडा लगाने पर क्रिकेटर के खिलाफ जांच शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू में एक निजी टूर्नामेंट के दौरान हेलमेट पर फलस्तीनी झंडा लगाकर खेलने वाले दक्षिण



कश्मीर के एक क्रिकेट खिलाड़ी के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलवामा के तांगीपुना निवासी क्रिकेट खिलाड़ी फुरकान उल हक जम्मू के मुट्ठी इलाके में स्थित 'के सी डोर' मैदान पर खेले जा रहे 'जम्मू-कश्मीर चैंपियंस लीग' में अपने हेलमेट पर फलस्तीनी झंडा प्रदर्शित करते हुए देखे गए थे।

### असम में अफीम बेचते पंजाब के दो गिरफ्तार

**दिफू।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 2.7 किलोग्राम अफीम जब्त कर पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जो उसे असम में बेचने के लिए लाए थे। पुलिस ने बताया कि बोकाजन उपमंडल के खटखटी में एक जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका गया और उसकी गहन तलाशी ली गई। पुलिस के मुताबिक, तलाशी के दौरान अफीम के दो पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि ट्रक नगालैंड के दीमापुर से आ रहा था और ट्रक से पकड़े गए लोग पंजाब के रहने वाले थे।

### जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर भूस्खलन, वाहन छोड़ लोग भागे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को सड़क चौड़ीकरण काम के दौरान भीषण



भूस्खलन हुआ, जिससे श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद वाहन बाल-बाल बच गए। कुछ लोगों को अपने वाहन छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ा। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहाड़ से चट्टानें लुढ़कती हुई।

## ईरान की अमेरिका को दो टूक, बोला- अमेरिका अपनी तबाही तय समझे

# खामेनेई को ट्रंप की चुनौती, अगर प्रदर्शनकारियों को ईरान ऐसे ही मारता रहा तो हम घुसकर मारेंगे



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन


ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन में अब तक सात से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदर्शनकारियों की मौत को देखते हुए अमेरिका ने ईरान सरकार को खुली चेतावनी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी शासन को साफ-साफ धमकी दी है कि अगर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को ईरानी शासन मारता है तो अमेरिका उन्हें बचाने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि जरूरत पड़ी तो अमरीकी सेना ईरान में घुसकर एक्शन लेगी। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार ने बयान जारी कर कहा कि ईरान अपने देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वालों के हाथ काट देगा। अमेरिकी हस्तक्षेप उसे तबाही और अव्यवस्था की ओर ले जाएगा।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलवाना ईरान का रिवाज : ट्रंप

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा अगर ईरान शांति से प्रदर्शन करने वालों पर गोली चलाता है और उन पर हिंसा करता है, जो उनका रिवाज है, तो यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। ट्रंप ने कहा कि हम इसके लिए तैयार हैं और किसी भी प्रकार की कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि तेहरान ने दशकों तक देश की उपेक्षा की है ताकि आतंकवादी गुर्गों और परमाणु हथियारों के रिसर्च पर अरबों खर्च किए जा सकें।







### ईरान दुश्मनों के हाथ काट देगा : ईरानी सलाहकार

खामनेई के सलाहकार शमखानी ने इसको लेकर एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। उन्होंने लिखा है कि ईरानियों को अमेरिका का रेस्क्यू रिकॉर्ड बहुत अच्छे से पता है। इराक से लेकर अफगानिस्तान और गाजा तक इसका गवाह है। उन्होंने आगे लिखा कि किसी भी बहाने से ईरान की सुरक्षा में हस्तक्षेप करने वाले हाथ को काट दिया जाएगा और इसका उत्तर बहुत कड़वा होगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा लाल रेखा है, यह रोमांचक ट्वीट्स का मामला नहीं है।

### प्रदर्शनकारियों पर और सख्ती बढ़ाएगा ईरान

इस बीच ईरानी सत्ता कहीं से भी नरमी के मूड में नहीं दिख रही है। ईरान के लोरेस्तान प्रांत के चीफ जस्टिस सईद शाहवारी ने कहा कि हाल के दिनों में अजना और डेल्फान शहरों में कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उन्होंने गिरफ्तार लोगों की संख्या नहीं बताई। रिपोर्ट के अनुसार उन लोगों के खिलाफ कानूनी, न्यायिक और निर्णायक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिन्हें उन्होंने दंगाई और सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा में बाधा डालने वाले बताया।

### ग्रामीण इलाकों तक फैला आंदोलन, मौतें बढ़ीं

ईरान में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। राजधानी तेहरान में भले ही प्रदर्शन थोड़े धीमे पड़े हों, लेकिन इस्फहान, शिराज, यज्द और केरमानशाह जैसे शहरों में आग फैल चुकी है। खासतौर पर लूर समुदाय के इलाकों में हालात बेहद तनावपूर्ण हैं।

### ये गुस्से की अभिव्यक्ति अमेरिकी विदेश विभाग

इस बीच ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शन अपनी सरकार की नाकामियों पर लोगों के समझ में आने वाले गुस्से की अभिव्यक्ति हैं। एक विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, ये विरोध प्रदर्शन ईरानी लोगों का अपनी सरकार की नाकामियों और बहानों पर समझ में आने वाला गुस्सा दिखाते हैं।



### आर्थिक संकट ने भड़काया जनाक्रोश

ईरान में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मुद्रा रियाल की ऐतिहासिक गिरावट ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि एक अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 14.2 लाख रियाल तक पहुंच गई है. खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं और कारोबार ठप होता जा रहा है. इसी गुस्से के चलते तेहरान के ग्रैंड बाजार और मोबाइल फोन बाजार के दुकानदारों ने हड़ताल कर दी. जो प्रदर्शन शुरुआत में सिर्फ आर्थिक मांगों तक सीमित थे, अब धीरे-धीरे सरकार और शासन व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन में बदल गए हैं।

### 14 फरवरी को रायपुर में होगा शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ को मिली प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेज़बानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 की मेज़बानी का अवसर मिला है। इन खेलों का शुभारंभ 14 फरवरी को रायपुर में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ को यह महत्वपूर्ण आयोजन सौंपने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–2026 का उद्घाटन समारोह 14 फरवरी रायपुर में आयोजित किया ▶▶|शेष पेज 7 पर

- केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया का सीएम साय ने माना आभार

### हॉकी-फुटबॉल तैराकी सहित अन्य खेल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, हॉकी, फुटबॉल और तैराकी सहित कुल 07 मुख्य खेलों की स्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी, वहीं 2 खेल डेमो स्वरूप प्रस्तुत किए जाएंगे। सरगुजा संभाग में कुश्ती, तीरंदाजी एवं वेटलिफ्टिंग, रायपुर में हॉकी, फुटबॉल एवं तैराकी तथा बिलासपुर में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य के लिए गर्व-सम्मान का विषय : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिलना समूचे राज्य के लिए गर्व और सम्मान का विषय है, यह अवसर राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि पर्यटन, रोजगार और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डॉक्टर की पर्ची के बगैर नहीं मिलेगा कफ सिरप काउंटर से बिक्री पर सख्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कफ सिरप की ओटीसी बिक्री पर सख्ती दिखाते हुए ड्रग्स नियमों में संशोधन का मसौदा जारी किया है। अब डॉक्टर की पर्ची के बिना कफ सिरप मिलना मुश्किल होगा। कफ सिरप की ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) बिक्री को लेकर सख्त कदम उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स नियम-1945 में महत्वपूर्ण संशोधन का मसौदा जारी किया है। इसका उद्देश्य तरल दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाना है। सरकार ने इस मसौदे पर ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों का समर्थन

सर गंगाराम अस्पताल में चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल काकर ने कहा कि जहरीले तत्वों वाले कई कफ सिरप पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सिरप शब्द हटाने का प्रस्ताव रखा

प्रस्तावित संशोधन के तहत मंत्रालय ने अनुसूची के क्रमांक 13 के दवाओं का वर्ग कॉलम के तहत प्रविष्टि संख्या 7 से सिरप शब्द हटाने का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, अनुसूची के में वे दवाएं शामिल होती हैं जिन्हें कुछ लाइसेंस नियमों से छूट मिलती है। इस बदलाव के बाद कफ सिरप को बिना डॉक्टर की सलाह के बेचना आसान नहीं रहेगा।

# 72 घंटे में 200 से ज्यादा तोतों की मौत, जमीन पर लगा ढेर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खरगोन में नर्मदा नदी के किनारे अज्ञात कारणों से करीब 200 तोते की मौत से हड़कंप मच गया है। वर्तमान में मौत का कारण फूड पॉइजनिंग बताया जा रहा। प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा है। पशु



चिकित्सा विभाग की टीम ने विसरा जांच के लिए भोपाल और जबलपुर लैब भेजा है। जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर बड़वाह का यह मामला है। नर्मदा नदी पर बने एक्वाडक्ट पुल के पास पिछले तीन दिनों में करीब 200 तोतों की मौत के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है। लगभग 100 से अधिक तोतों की मौत के बाद शवों के पोस्टमार्टम के बाद पशु चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि इनकी मौत बर्ड फ्लू से नहीं, बल्कि 'फूड पॉइजनिंग' (विषाक्त भोजन) और गलत खान-पान के कारण हुई है।

# पटवारी से आरआई पदोन्नति परीक्षा निरस्त, नए सिरे से लेने की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पद पर आयोजित पदोन्नति परीक्षा को निष्पक्षता के अभाव में निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और पक्षपात के संकेत मिलने की बात कही है। इस फैसले के बाद 216 पटवारियों को दी गई पदोन्नति स्वतः समाप्त हो जाएगी। जस्टिस एनके व्यास ने अपने फैसले में कहा है कि पदोन्नति ▶▶|शेष पेज 7 पर

- हाईकोर्ट ने परीक्षा की प्रक्रिया को दूषित और कदाचरण के घेरे में पाया.....



### प्रक्रिया ही दूषित, ट्रेनिंग पर नहीं भेजने के निर्देश

कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि जब पदोन्नति परीक्षा ही कदाचरण के घेरे में है और दूषित है तब पटवारी से पदोन्नति प्राप्त राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण पर भेजने का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कोर्ट ने कहा- चयन प्रक्रिया में भारी पक्षपात

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड और याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद, कदाचरण और पक्षपात किया गया। कोर्ट ने माना कि परीक्षा न तो समान अवसर के सिद्धांत पर आधारित थी और न ही ▶▶|शेष पेज 7 पर

# मीटिंग के बीच विधायक को दिल का दौरा, इलाज के दौरान मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की फरीदपुर सीट से लगातार दूसरी बार विधायक और रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।



वे एक सरकारी बैठक में शामिल थे, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और वे बेहोश होकर गिर पड़े। सहयोगियों ने बिना देरी किए उन्हें मेडीसिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश की मगर उनकी जान नहीं बच सकी।

### राजनीति और शिक्षा जगत में गहरा प्रभाव

डॉ. लाल एक उच्च शिक्षित राजनेता थे। राजनीति में आने से पहले वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। वे पहली बार 2017 में फरीदपुर (आरक्षित) विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक बने।

### जन्मदिन के ठीक अगले दिन हुई अनहोनी

डॉ. श्याम बिहारी लाल का जन्म 1 जनवरी 1966 को शाहजहांपुर में हुआ था। गुरुवार को ही उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया था और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि जश्न के अगले ही दिन उनके निधन की खबर आएगी। उनके आकस्मिक निधन से समर्थकों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोर्ट ने रद्द की पति के खिलाफ एफआईआर

# 'मुकदमेबाजी निजी बदला लेने का जरिया नहीं' दहेज उत्पीड़न मामले में कोर्ट की 'सुप्रीम' टिप्पणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में एक अहम टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति का पत्नी पर आर्थिक या वित्तीय प्रभुत्व अपने आप में क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता। शीर्ष अदालत ने कहा कि आपराधिक मुकदमेबाजी को निजी बदले या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता। यह टिप्पणी अदालत ने एक ऐसे मामले में की, जहां पति के खिलाफ क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खर्च का हिसाब मांगना या पैसों के उपयोग की ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दैनिक वैवाहिक खटपट और कानून

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के बीच खर्चों को लेकर विवाद या तकरार विवाह के "दैनिक उतार-चढ़ाव" का हिस्सा हो सकता है। ऐसे मामलों को भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने चेतावनी दी कि वैवाहिक मामलों में आरोपों की गहन जांच जरूरी है।

### क्रूरता की परिभाषा पर अदालत की टिप्पणी

पीठ ने कहा कि पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों में पति का आर्थिक प्रभुत्व जरूर बताया गया है, लेकिन इससे किसी ठोस मानसिक या शारीरिक नुकसान का प्रमाण नहीं मिलता। अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में अक्सर घरों में पुरुष वित्तीय मामलों में नियंत्रण रखते हैं, लेकिन केवल इसी आधार पर आपराधिक क्रूरता का मामला नहीं बनता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खर्च का हिसाब मांगना या पैसों के उपयोग की जानकारी लेना अपने आप में क्रूरता नहीं है।

### अदालत ने अपने आदेश में क्या कहा?

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पति पर लगाए गए क्रूरता, मानसिक उत्पीड़न और चोट पहुंचाने के आरोप सामान्य और अस्पष्ट हैं तथा इनमें दुर्भावनापूर्ण मंशा दिखाई देती है। पीठ ने कहा कि पहले के न्यायिक फैसलों पर गौर करने के बाद यह साफ है कि पति के खिलाफ कोई भी अपराध साबित नहीं होता। शीर्ष अदालत ने यह भी साफ किया कि इस फैसले में की गई टिप्पणियां पति-पत्नी के बीच चल रहे अन्य वैवाहिक या दीवानी मामलों को प्रभावित नहीं करेंगी। ऐसे सभी मामले अपने तथ्यों और कानून के अनुसार अलग-अलग तय किए जाएंगे।



क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर वर्तमान में बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने नाम लिए बगैर पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर बेहद सख्त अंदाज में चेतावनी देते हुए भारत का एक 'बुरा पड़ोसी' बताया और कहा कि हमें अपने लोगों के अधिकारों की हर हाल में रक्षा करने का पूरा अधिकार है। ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि खासकर तब जब हमारे आसपास लगातार या जानबूझकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पड़ोसी है। तब वो हमें ये नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे हैं। मिसाल के तौर पर पश्चिमी-सीमा पर ऐसा ही है।

**आईआईटी मद्रास के कार्यक्रम के दौरान छात्रों से बातचीत में बोले विदेश मंत्री जयशंकर**


# आतंकवाद फैलाने वाला पाकिस्तान बुरा पड़ोसी... अपने लोगों की रक्षा करेगा भारत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अगर हमारा कोई पड़ोसी बिना किसी पछतावे के रोजाना की तर्ज पर हमारी ओर आतंकवाद को बढ़ावा देता रहेगा तो हमारे पास अपने देश के नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार मौजूद है। हम आवश्यकता पड़ने पर इसका इस्तेमाल करने से बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाएंगे। आतंकवाद के साथ-साथ पानी साझा करने के लिए अनुरोध करना बेमानी है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने 2 जनवरी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के युवा छात्रों से बातचीत में दी है। इस अवसर पर उन्होंने आईआईटी-एम ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन को भी लांच किया। जो संस्थान की एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय पहल है और इसका उद्देश्य आईआईटी मद्रास को शिक्षा, शोध, नवाचार और आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में ग्लोबल नेटवर्क हब बनाने का है।

### आतंकवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' की नीति

ज्ञात हो कि पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ, लश्कर का छद्म संगठन) के हमले के जवाब में भारत ने 7 से 10 मई तक ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्यवाही को अंजाम दिया था। लगभग चार दिनों तक भारत के हाथों बुरी तरह से मार खाने के बाद पाकिस्तान की पहल पर 10 मई को शाम पांच बजे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू हुआ और फिर भारत ने पाक को साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि अगर भविष्य में भी उसने भारत के खिलाफ पहलगाम जैसा या अन्य कोई आतंकी हमला किया। तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा।




**अरुणाचल को बताया अभिन्न अंग :** उन्होंने अरुणाचल की एक महिला के साथ शंघाई हवाई अड्डे पर हुई घटना को लेकर चीन के संदर्भ में कहा कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की कोई तिकड़म भिड़ाकर जमीनी स्थिति को बदला नहीं जा सकता है।

### 'मैं नहीं, वो मिलने आए थे' जयशंकर के हैंडशेक पर पाक

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बीच ढाका से आई एक तस्वीर को लेकर पाकिस्तान में बयानबाजी तेज हो गई है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हाथ मिलाने के बाद पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने इसे लेकर सार्वजनिक रूप से शेखी बघारी है। सादिक ने दावा किया है कि ढाका में हुई इस मुलाकात के दौरान जयशंकर खुद चलकर उनके पास आए थे। जयशंकर और अयाज सादिक दोनों ही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने ढाका पहुंचे थे। इसी दौरान बुधवार को दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। मई में हुए सैन्य टकराव के बाद यह भारत-पाक के बड़े नेताओं की पहली सार्वजनिक मुलाकात मानी जा रही है।

**पाक मीडिया ने किया बड़ा दावा**

पाकिस्तान के जियो टीवी से बातचीत में अयाज सादिक ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल जयशंकर के नेतृत्व में संसद के वेटिंग रूम में पहुंचा था और जयशंकर ने खुद आकर उनसे मुलाकात की। सादिक के मुताबिक, उस समय वेटिंग रूम में पाकिस्तान के अलावा मालदीव, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के अधिकारी पहले से मौजूद थे। जयशंकर ने अंदर आते ही सभी प्रतिनिधियों से अभिवादन किया।

---

## एलओपी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे वोट चोरी के आरोप

# कर्नाटक एजेंसी के सर्वे में 91 फीसदी ने माना चुनाव निष्पक्ष, भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

**कलबुर्गी जिले की आलंद विधानसभा सीट पर जानबूझकर वोट काटने का हुआ था दावा, इधर, कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक सरकार से नाम जोड़ने पर जताई आपत्ति**

कर्नाटक सरकार की एक एजेंसी की स्टडी में दावा किया गया है कि राज्य के 91% लोग मानते हैं कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जाते हैं और ईवीएम सटीक नतीजे देती हैं। यह रिपोर्ट कर्नाटक मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन अथॉरिटी (केएमईए) ने प्रकाशित की है। यह स्टडी कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से लागू सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) कार्यक्रम के नतीजों का आकलन करने के लिए कराया गया था। यह सर्वे कर्नाटक के 34 निर्वाचन जिलों के 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। यह सर्वे ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भाजपा पर कई राज्यों में 'वोट चोरी' का लगातार आरोप लगा रहे हैं। वे कर्नाटक के कलबुर्गी में भी वोट चोरी का दावा कर चुके हैं।

### कर्नाटक के 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया सर्वे

सूत्रों के अनुसार, चुनाव को लेकर केएमईए की रिपोर्ट अगस्त 2025 में तैयार हुई थी, जो हाल में सार्वजनिक की गई है। इसका टाइटल है- 'लोकसभा इलेक्शन 2024: इवैल्यूएशन ऑफ एंडलाइन सर्वे ऑफ नॉलेज, एप्टीट्यूड एंड प्रैक्टिस (कैप) ऑफ सिटीजन्स।'



### राहुल ने दिया था प्रेजेंटेशन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 18 सितंबर को 31 मिनट का प्रजेंटेशन दिया था। इसमें उन्होंने कहा- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र को नष्ट करने वालों और वोट चोरों को बचा रहे हैं। राहुल ने कर्नाटक के कलबुर्गी जिले की आलंद विधानसभा सीट का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां कांग्रेस समर्थकों के वोट योजनाबद्ध तरीके से हटाए गए।

### यह सर्वे कांग्रेस के मुंह पर तमाचा : भाजपा

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। ऐसे में भाजपा ने सर्वे रिपोर्ट को लेकर राहुल पर पलटवार किया है। भाजपा नेता और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'लोग चुनावों पर, ईवीएम पर और लोग भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। यह सर्वे कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा है। जहां नागरिक भरोसा दिखा रहे हैं, वहीं कांग्रेस शक जता रही है।'

### यह सर्वे चुनाव आयोग का, वह भी राहुल के प्रेजेंटेशन से पहले का

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक सरकार की एक एजेंसी ने चुनाव की निष्पक्षता और वोट चोरी के प्रति लोगों के जनमत जानने के लिए सर्वे किया था। हालांकि



बाद में कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और प्रियांक खड़गे ने इसे कर्नाटक सरकार के सर्वे होने के दावे को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने एक्स पर आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के माध्यम से करवाया गया यह सर्वे प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े एक व्यक्ति ने किया था। खड़गे ने कहा कि यह सर्वे मई 2025 में किया गया। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का विस्तृत खुलासा अगस्त 2025 में सामने आया। सर्वे में हर विधानसभा से सिर्फ 50 लोगों को शामिल किया गया। सांख्यिकीय रूप से कमजोर, बड़े सैंपलिंग एरर और सिलेक्शन बायस की संभावना और नतीजे निकालने के लिए उपयुक्त नहीं। खड़गे ने आगे कहा, ' भाजपा इस सर्वे को झूठा 'राज्य सरकार का सर्वे' बताकर प्रचार कर रही है।

---

## सांसद चतुर्वेदी ने कहा- यह महिलाओं की निजता का हनन

**केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिस**

# 'गैर कानूनी कॉन्टेंट तत्काल हटाए एक्स'



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाय) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने एक्स के एआई टूल ग्रोक के दुरुपयोग पर चिंता जताई है और कहा है कि इसका इस्तेमाल गलत कॉन्टेंट तैयार करने और शेयर करने के लिए किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि इस तरह का कॉन्टेंट विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर रहा है। केंद्र ने इसे गरिमा, गोपनीयता और डिजिटल सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन बताया है। आईटी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के चीफ कंप्लाइंस ऑफिसर को इस संबंध में पत्र लिखा है। केंद्र ने आईटी एक्ट और आईटी नियमों के तहत उचित सावधानी बरतने में गंभीर चूक की ओर इशारा किया है। बता दें, शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए उपायों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से दखल देने की मांग की थी।

### सरकार को सौंपी जाए रिपोर्ट

मंत्रालय ने एक्स को निर्देश दिया है कि वह तुरंत ग्रोक की तकनीकी व्यवस्था और गवर्नेंस के ढांचे की समीक्षा करे, इस प्लेटफॉर्म से पूरा गैर कानूनी कॉन्टेंट हटाए, दोषी यूजर्स के खिलाफ कार्रवाई करे और 72 घंटे के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट सरकार को सौंपे। सरकार ने कहा है कि ऐसा नहीं करने पर सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के मुताबिक, "एक्स को निर्देश दिया जाता है कि वह लागू कानूनों का उल्लंघन कर पहले से तैयार या प्रसारित की गई सभी सामग्री को बिना किसी देरी के हटाए या उसकी पहुंच को निष्क्रिय करे। इस कार्रवाई को आईटी नियम, 2021 में निर्धारित समयसीमा के भीतर सख्ती से सुनिश्चित किया जाए ताकि साक्ष्यों के साथ किसी भी तरह से छेड़छाड़ न हो।

---

**नागपुर में नामांकन वापसी को लेकर हंगामा**

# भाजपा उम्मीदवार को घर में समर्थकों ने किया बंद

एजेंसी ▸▸ नागपुर



नागपुर महानगरपालिका चुनाव के दौरान शुक्रवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। इसी दिन नागपुर से एक अनोखा और चर्चा में रहने वाला मामला सामने आया। भारतीय जनता पार्टी के एक प्रत्याशी को नामांकन वापस लेने के दौरान अपने ही कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। बीजेपी ने महानगरपालिका चुनाव में प्रभाग 13 से किसन गावंडे को उम्मीदवार घोषित किया था। उन्हें पार्टी की ओर से एबी फॉर्म भी दिया गया था। लेकिन अंतिम समय में पार्टी नेतृत्व ने किसन गावंडे को अपना चुनाव नामांकन वापस लेने का निर्देश दिया। जब इस फैसले की जानकारी इलाके के बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को मिली तो वे नाराज हो गए और उन्होंने गावंडे और उनके परिवार को उनके घर में बंद कर दिया और बाहर से दरवाजे पर ताला लगा दिया। काफी देर तक घर के बाहर हंगामे की स्थिति बनी रही।

**यह है मामला :** दरअसल बीजेपी ने प्रभाग 13 से गावंडे और विजय होले दोनों को उम्मीदवार बनाया था। बाद में पार्टी ने गावंडे से नामांकन वापस लेने को कहा। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने मौके पर पहुंचकर मध्यस्थी की। काफी समय बाद ताला खुलवाया गया। अंत में किसन गावंडे ने पार्टी के आदेश के अनुसार अपना नामांकन वापस ले लिया। हालांकि कई घंटों तक कार्यकर्ताओं का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

### अफगानिस्तान में बाढ़ से 17 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले दिनों हुई भारी बारिश और बर्फबारी के बाद अचानक आई बाढ़ से 17 लोगों की मौत हो गई। 11 लोग घायल हुए हैं। अफगानिस्तान के हेरात राज्य के कबकान जिले में 1 जनवरी को एक मकान की छत गिरने से परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हेरात के गवर्नर के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ सईदी ने कहा कि मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

---

**दिल्ली में ईडी को बड़ी कामयाबी**

# 17 करोड़ के तो सोने-हीरे मिले, कैश का भी ढेर



एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगोड़े गैंगस्टर इंदरजीत सिंह यादव और उसके सिंडिकेट के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। दिल्ली में 30 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक चली छापेमारी में ईडी ने 6.24 करोड़ रुपये नकद और 17.4 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-हीरे के आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा 35 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और भारी मात्रा में डिजिटल डेटा भी जब्त किया गया है। ईडी की गुरुग्राम जोनल यूनिट ने यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग जांच (पीएमएलए) के तहत दिल्ली के कई ठिकानों पर की।

### इंदरजीत सिंह पर दर्ज हैं कई मुकदमे

इंदरजीत सिंह यादव जैम रिकॉर्ड्स एंटरटेनमेंट का मालिक और मुख्य संचालक है।हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या, जबरन वसूली, हथियारों के दम पर डराने-धमकाने और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों में 15 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। ईडी के अनुसार, इंदरजीत कॉर्पोरेट संस्थाओं (जैसे अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड) और निजी फाइनेंसरों के बीच करोड़ों रुपये के विवादित लेनदेन का हथियारों के बल पर जबरन समझौता कराकर मोटा कमीशन कमाता था।

### यूएई ऑपरेट कर रहा है नेटवर्क

इंदरजीत वर्तमान में फरार है और माना जा रहा है कि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से अपना काला साम्राज्य चला रहा है। इससे पहले की छापेमारी में भी ईडी ने 5 लग्जरी कारें और भारी नकदी जब्त की थी। जांच एजेंसी अब इंदरजीत के परिवार के सदस्यों के नाम पर खरीदी गई चल-अचल संपत्तियों और विदेशों में भेजे गए पैसे की कड़ियों को जोड़ रही है।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal
MD, DM (Cardiology)
Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स
क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422



## बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

टीवी मसाला



## शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। उड़ने की आशा तीसरे नंबर पर, तुम से तुम तक चौथे नंबर पर रहा है। वहीं, पांचवें नंबर पर सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है रहा। इन दिनों एक रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' भी टीवी पर आ रहा है। इस शो की टीआरपी काफी कम रही।





## अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



## 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज

**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी।



## महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।



कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक


# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।



### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।



## चिंतन

# खुद को संभाले अमेरिका भारत को नसीहत नहीं दे

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से खालिद के समर्थन में पत्र लिखे जाने के बाद अब अमेरिका के आठ सांसदों ने भी उसका समर्थन करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष ट्रायल दिलाने की अपील की है। यह पत्र अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को भेजा गया है। इस पत्र का नेतृत्व हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग मेंबर और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट्स कमीशन के सह-अध्यक्ष जिम मैकगवर्न ने किया है। वे मैसाचुसेट्स के दूसरे संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद भी हैं। उनके साथ 7 अन्य सांसदों ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि खालिद को यूएपीए के तहत 5 साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उसकी तुरंत रिहाई सुनिश्चत की जाए और मामले में निष्पक्ष सुनवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिम मैकगवर्न और अन्य सांसदों ने दिसंबर की शुरुआत में उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। अमेरिकी सांसदों ने खालिद की गिरफ्तारी को धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ा। खालिद का मामला भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में अमेरिका भारत को नसीहत न दे और खुद को संभाले। देखा जाए तो भारत में अमेरिका की बजाय कानून काफी लचीला है, भारतीय कानून में कॉमन लॉ, प्रथागत कानून और धार्मिक कानून का मिश्रण है, वहीं अमेरिकी कानून मुख्य रूप से अंग्रेजी कॉमन लॉ पर आधारित है। अमेरिका में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और सरकार का प्रमुख होता है, जबकि भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। भारत का कहना है कि खालिद को फरवरी 2020 के भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और यह एक कानूनी मामला है। इसमें भारतीय कानून के हिसाब से काम चलेगा। अमेरिका को पहले अपने घर को संभालना चाहिए, फिर दूसरों को नसीहत देने की सोचनी चाहिए। भारत एक स्वतंत्र देश है और उसमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद निकालने की क्षमता है। अमेरिका को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि नस्लवाद, बंदूक हिंसा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए अमेरिका की नसीहत की जरूरत नहीं है। भारत अपनी नीतियों और निर्णयों के लिए स्वतंत्र है और हमेशा अपने देश के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी देता रहेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों से वैसे भी अमेरिका की छवि विश्वस्तर पर प्रभावित हुई है। इससे पहले ममदानी ने खालिद को लेकर लिखा था, 'मैं अक्सर आपकी कड़वाहट को लेकर कही गई बातों को याद करता हूं और यह सोचता हूं कि उसे खुद पर हावी नहीं होने देना कितना जरूरी है।' बता दें कि हाल ही में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी रूप से 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी। खालिद पर दिल्ली दंगों की साजिश मामले में यूएपीए के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। उसकी नियमित जमानत याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।



दूषित पेयजल

प्रमोद भार्गव

# स्वच्छता की चादर से ढकी गंदगी

> भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी।

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है, लेकिन अब इसकी सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढक दिया गया था, जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। किंतु अब दूषित पेयजल से हुईं 15 मौतों ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल पिलाने में क्यों असफल सिद्ध हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है, क्योंकि हम बिना भोजन के तो जीवित रह सकते हैं, लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई, लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है, लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वासन क्षेत्र से निर्वाचित हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेदार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर आपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। साफ है कि भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि अब उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। इस दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं।

इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल,



भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है।

इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती? लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह से गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। हालांकि, यहां पानी का टैंकर सुविधा के लिए भेजा जा रहा है, लेकिन इसका पानी उपयोग करने में भी लोग डर रहे हैं। वह आरओ का पानी मंगवाकर पी रहे हैं। दरअसल नागरिकों को शुद्ध पानी पिलाने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। इस कारण दुनियाभर में हर साल पचास लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में पानी की मानकों के अनुसार जांच ही नहीं होती है। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में पेयजल प्रदाय किया जाता है, लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलवा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिए जानलेवा भी साबित बना रहे हैं। दरअसल इन स्टील संयंत्रों में लोह के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिए 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में जब तक बार-बार डुबोया जाता है, तब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं ?

बाद में बेकार हो चुके तेजाब को मलबा की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी लाल होकर प्रदूषित हो जाता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है, यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है तो यह जल फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां हैं, जो खराब तेजाब आजू-बाजू की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में विलय होते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनके समाधान प्रदेश की सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# बॉडी रहेगी फिट तो माइंड भी रहेगा हिट

इंटरनेशनल माइंड बॉडी वेलनेस डे यानि अंतरराष्ट्रीय मन-शरीर कल्याण दिवस हर साल 3 जनवरी को दुनियाभर में मनाया जाता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में ये दिन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण एक है। इस दिन का इतिहास मशहूर ज्ञानी हिप्पोक्रेट्स से जुड़ा हुआ है। हिप्पोक्रेट्स को प्राकृतिक चिकित्सा के संस्थापक का दर्जा दिया गया है और उनकी की गई खोज आज भी दुनियाभर में मौजूद है और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हिप्पोक्रेट्स का मानना है कि स्वस्थ शरीर से हमें एक स्वस्थ दिमाग की प्राप्ति होती है। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज, अच्छी नींद आदि आदतें हम रोजाना के जीवन में अपनाएं। शारीरिक गतिविधियां फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना फिजिकल एक्टिविटी के लिए समय निकालें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। फिजिकल एक्टिविटी, जैसे कि एक्सरसाइज, योग और वॉक न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे मानसिक और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। जिसे 'हैप्पी हार्मोन' भी कहा जाता है। यह हार्मोन हमें खुश और संतुष्ट महसूस कराता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। देश में 54 प्रतिशत लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में कोई रुचि नहीं है और 10 फीसदी से कम लोग मनोरंजन के तौर पर शारीरिक गतिविधियां करते हैं। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54.4 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। चिकित्सकों का कहना है फिजिकली एक्टिव रहना, न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव को कम करने और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। ऐसे में लोगों को अपनी पसंद के अनुसार फिजिकल एक्टिविटी में खुद को बिजी रखना चाहिए। तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं।

शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा। बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से हमारे शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। 40 की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। अवसाद से निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 5 में से 1 वयस्क और 5 में से 4 किशोर शारीरिक गतिविधियां नहीं करते, जिससे हेल्थ केयर पर 54 अरब डॉलर का सीधा असर पड़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित

दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती, इन दोनों की ज्योतियां विराजित हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिड़की जरूर रखें। - **महेश वर्मा**, कांकेर

## ट्रेंड

### निधन से दुख हुआ



उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बिहू का त्योहार



इस साल असम में बिहू का त्योहार हमारी सभी बहनों के लिए खास होगा। ओरुनोदोई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 8,000 रुपये दिए जाएंगे। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारी बहनों के प्रति हमारी देखभाल और सम्मान को दर्शाता है।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### पुलिस का अभिनंदन



हम उप्र पुलिस का हार्दिक अभिनंदन करते हैं जो अतिरिक्त सजगता और सतर्कता से माघ मेले में निर्माणाधीन 'श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान' में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा का कार्य संपन्न कर रही है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### डिलीवरी राइडर्स




लाखों डिलीवरी राइडर्स, जिन्होंने इंस्टेंट कॉमर्स कंपनियों को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया, अब अपनी बात सुनाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। गिग इकॉनमी को अपराध-मुक्त शोषण की अर्थव्यवस्था नहीं बनने दे सकते।

**- राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले दुर्लभ सिक्के व पत्थर

पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है। पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने इस खोज को एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे अहम खोज बताया है। इसमें कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान 'लैपिस लाजुली' के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर उत्खनन दल के प्रमुख हैं। डोगर ने कहा, 'सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं।' उत्खनन दल ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फॉरेंसिक सहायता ली।



## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है

हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की...



दंतेवाड़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# हवेचुर में रेत के अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त चेन माउंटेन और हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हवेचुर से गुजरने वाली नदी में चैन माउंटेन लगाकर अवैध ढंग से रेत का उत्खनन किया जा रहा था, इस कार्य में लगी चैन माउंटेन और एक हाईवा को खनिज विभाग ने जप्त कर लिया है। डंप की परमीशन नहीं होने के बावजूद डंप किए गए रेत को लेकर भी नोटिस जारी किया गया है। इस कार्यवाही के बाद इस क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन करने वालों में हडकंप मच गया है। जानकारों की माने तो स्थानीय जनप्रतिनिधि के संरक्षण में यह अवैध रेत उत्खनन का खेल चल रहा था।

**खास बातें**

- अवैध ढंग से रेत को डंप करने वाले ठेकेदार को जारी हुआ नोटिस
- सड़क ठेकेदार के अमले ने खनिज विभाग को अवैध ढंग से हुई डंप रेत का किया खुलासा

प्राप्त जानकारी के अनुसार हवेचुर के पास से गुजरने वाली नदी से विगत दो माह से दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था और लगभग 120 हाईवा रेत को डंप किया गया था। नियमों को ताक पर रखकर नदी के भीतर चैन माउंटेन मशीन से रेत निकाली जा रही थी, जिससे न केवल नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा था, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद अंतागढ़ में तैनात अधिकारी कार्रवाई करने के लिए डर रहे थे। ग्रामीणों ने खनिज विभाग के प्रदेश स्तर अधिकारियों को वीडियो व फोटो भेजकर कार्यवाही की माँग किया, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिले से टीम मौके पर पहुँची। हवेचुर में कार्यवाही करने पहुँचे खनिज विभाग के अधिकारी मृदुल गुहा की माने तो हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनएस 5781 को जप्त कर थाना प्रभारी को सौंपा गया। चैन माउंटेन को नदी से आधा किमी. दूर ले जाकर मशीन को सील करके आपरेटर को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा अंतागढ़ से नारायणपुर की सड़क बनाने वाले ठेकेदार के साईड पर लगभग 120 हाईवा रेत डंप थी, इस पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।



### संरक्षण पर चल रहा था अवैध खेल

स्थानीय लोगों और जानकारों की मानें तो यह अवैध रेत उत्खनन किसी के संरक्षण के बिना संभव नहीं था। चर्चा है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में लंबे समय से यह खेल चल रहा था। आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते पहले शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद थे। इस कार्यवाही के बाद रेत माफिया काम को बंद करते है या फिर से इस खेल को शुरू करते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करने वालों में हडकंप मच गया है।

### चेन माउंटेन व हाईवा जब्त ठेकेदार को नोटिस जारी

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने इस विषय पर हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम को हवेचुर भेजा गया था। टीम को हवेचुर के पास से निकलने वाली नदी पर रेत का अवैध उत्खनन कर रही एक चैन माउंटेन मिली, जिसे सील कर दिया गया है। एक हाईवा को जप्त किया गया, जिसे थाना प्रभारी को सौंपा गया है। सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार के कार्यस्थल के पास डंप रेत को लेकर नोटिस जारी किया गया है।

## धान उठाव के लिए पंजीयन नहीं कराया राइस मिल सील

**बालोद।** प्रशासन द्वारा तीन दिन के अंदर दूसरी राइस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। केजीएन राइस चिरचारी मे 31 दिसंबर को कार्रवाई की गई थी। अब गोविंद राइस मिल बालोद को सील करने की कार्रवाई की गई है। धान खरीदी के बाद समितियों में हो रही जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मिलरों पर कार्रवाई की जा रही है। मिलर समितियों से धान उठाने के प्रति रूचि नहीं दिखा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीयन नहीं करवा रहे हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी–बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी के जांच दल के द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत एसडीएम बालोद नूतन कंवर द्वारा गोविंद राइस मिल द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए कस्टम मीलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन नही कराए जाने पर गोविंद राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान तहसीलदार आशुतोष शर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सहित राजस्व निरीक्षक एवं कृषि उपज मंडी के निरीक्षक उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवा आरक्षक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- नौकरी में पुन: बहाली के बाद भी महीनों से गांव में था युवक

नौकरी में पुनः बहाली के बाद भी नौकरी में ना जाकर महिनो से गांव में रह रहे आरक्षक युवक की संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जिसके बाद शव को पीएम करने के बाद परिजनो को शव सौप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकापार निवासी रिकेश पटेल 35 वर्श जो मानपुर मोहला में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे।

मृतक आरक्षक पिछले कुछ महीनों से गांव में देखा जा रहा था। ग्रामीणों एवं परिचितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई भी हो चुकी थी, जिसके बाद पुनः बहाली की गई थी। हालांकि बहाली के लगभग एक माह बाद से वह लगातार गांव मे ही देखा जा रहा था। जिसके बाद गुरुवार को अचानक गांव के समीप खेत के बीच शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव का पीएम होने के बाद परिजनो को सौप दिया गया।

# 50 लाख की जमीन धोखाधड़ी मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध भाटापारा शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे तीन अन्य मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन आरोपियों ने कूट रचित (फर्जी) दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी से 50 लाख की ठगी की थी। प्रार्थी राधेश्याम आर्य निवासी संतकंवर राम वार्ड को आरोपियों ने ग्राम सांकरा में एक अच्छी जमीन बिकाऊ होने का झांसा दिया था। भाटापारा में हुई बैठक के दौरान 68 लाख प्रति एकड़ की दर से सौदा तय हुआ। आरोपियों के जाल में फंसकर प्रार्थी ने इकरारनामा एग्रीमेंट किया और बयाना के तौर पर 50 लाख दे दिए। 10-11 मार्च को जब प्रार्थी ने अपने स्तर पर जमीन की जांच की, तब उसे पता चला कि जमीन का कोई सौदा हुआ ही नहीं है और आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेजों के सहारे योजनाबद्ध तरीके से उसके साथ छल किया है।


**आरोपियों ने धोखाधड़ी कबूल किया :** हिरासत में लिए जाने के बाद पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने योजना बनाकर फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेज तैयार किए थे, ताकि प्रार्थी से मोटी रकम हड़पी जा सके। पुलिस अब आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र के अंतर्गत उरमाल मार्ग पर गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई है। आईटीआई कॉलेज के पास मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार, जामगांव निवासी पप्पू नागेश (22 वर्ष) और कदलीमुड़ा निवासी ओंकार नागेश (24 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 23 एन 8062) से घर लौट रहे थे। देवभोग से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर उरमाल रोड पर राइस मिल और सरदापुर स्थित आईटीआई कॉलेज के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पप्पू नागेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल ओंकार नागेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है।



# नई तकनीक से 80 किमी दूर तक हो सकेगा 'सटीक' हमला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना बहुत जल्द ऐसी अत्याधुनिक सैन्य तकनीक को मैदान में उतारने जा रही है, जो अब तक दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। सेना दुनिया के पहले रैमजेट-संचालित 155 मिमी आर्टिलरी गोले को तैनात करने की तैयारी में है। इस हाई-टेक गोले को आईआईटी मद्रास ने भारतीय सेना के साथ मिलकर विकसित किया है। देखने में यह सामान्य तोप का गोला लगता है। लेकिन इसकी ताकत और क्षमता किसी मिसाइल सिस्टम से कम नहीं है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना आईआईटी मद्रास और आर्मी टेक्नोलॉजी बोर्ड (एटीबी) की साझेदारी का नतीजा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक तोपखाने की सीमाओं को तोड़ते हुए ऐसी तकनीक विकसित करना था, जो ज्यादा दूरी तक, ज्यादा सटीकता के साथ हमला कर सके।

## गुरुत्वाकर्षण से अलग है रैमजेट तकनीक


अब तक तोप के गोले केवल बारूद और बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी पर निर्भर होते थे। एक बार दागे जाने के बाद वे गुरुत्वाकर्षण के सहारे उड़ते हैं। लेकिन रैमजेट एक एयर-ब्रीदिंग प्रोपल्शन सिस्टम है। जैसे ही 155 मिमी गोला तोप से दागा जाता है, यह सुपरसोनिक स्पीड (मैक 2 से अधिक) पकड़ लेता है। तेज गति के कारण आसपास की हवा इसके इनलेट में जाती है, जहां वह संकुचित होकर ईंधन के साथ जलती है।

### न्यूयॉर्क के मेयर समेत 8 सांसदों ने पत्र लिखकर की निष्पक्ष सुनवाई की मांग

# दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद को लेकर जागा अमेरिका का प्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2020 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुए भीषण दंगों के आरोपी और जवाहरलाल विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को अमेरिका से अचानक बड़ा भारी समर्थन मिला है। जिसमें न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी सहित आठ अमेरिकी सांसदों ने भारत से मामले में निष्पक्ष सुनवाई करने के साथ ही उसे जमानत देने की मांग की है। मेयर ममदानी की खालिद को समर्थन देने के पीछे की वजह बीते वक्त में उसके माता-पिता के साथ हुई उनकी मुलाकात है। जिसके बाद उन्होंने अपने हाथ से एक पत्र लिखकर उसके प्रति अपना समर्थन जताया है। जबकि अमेरिकी सांसदों ने वाशिंगटन डीसी में मौजूद भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर उमर खालिद के प्रति अपने समर्थन के साथ ही नई दिल्ली से मामले की सुनवाई अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप करने का अनुरोध किया है। बिना तारीख वाले न्यूयॉर्क के मेयर के इस पत्र को खालिद की पार्टनर बानोज्योत्सना लाहिड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए साझा किया है। दरअसल ये वो मौका था जब जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के मेयर के रूप में शपथ ली थी। बताते चलें कि उमर खालिद को दिल्ली दंगों को भड़काने के लिए साजिश रचने के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत आरोपी बनाया गया है। दंगों के दौरान करीब 53 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे।



**पिता ने बताया मेयर से मुलाकात का सच :** मीडिया में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, खालिद के पिता की पिछले साल दिसंबर महीने में जोहरान ममदानी से न्यूयॉर्क में एक मुलाकात हुई थी। उस दौरान वो अमेरिका में रह रही अपनी बेटी और उमर खालिद की बहन से मिलने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान ममदानी ने हमें मुलाकात का वक्त दिया, करीब आधे घंटे तक उनसे बातचीत हुई। उन्होंने खालिद की गिरफ्तारी और मामले से जुड़े तमाम घटनाक्रमों के बारे हमसे पूछा। साथ ही कहा कि वो भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जोहरान ने कहा कि मैंने जेल से लिखे हुए खालिद के पत्रों को पढ़ा है।

## अस्थायी जमानत का किया स्वागत

अमेरिका के सांसदों ने दोनों को दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देश होने के नाते कहा कि हमारा हित स्वतंत्रता, नियम-कानून के शासन, मानवाधिकारों की रक्षा और बहुपक्षवाद को सुरक्षित रखने में है। इसी के तहत हमने अपनी चिंताओं को जाहिर किया है। उन्होंने दावा किया कि मानवाधिकार संगठन, कानूनी विशेषज्ञ और वैश्विक मीडिया ने भी मामले में साफ-सुथरी जांच और खालिद की गिरफ्तारी से जुड़ी न्यायिक प्रक्रिया के विषय में सवाल उठाए हैं। सांसदों ने कहा कि वो इस बात को समझते हैं कि वर्तमान में ये मामला भारत के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। उमर खालिद को उसकी बहन के शादी समारोह में शिरकत करने के लिए प्रदान की गई अस्थायी जमानत का अमेरिका के सांसदों ने स्वागत किया है।

## सांसदों ने की जमानत देने की मांग

अमेरिकी सांसदों के समूह ने भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर उमर खालिद को जमानत देने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली दंगों के संबंध में भारत में चल रहे मुकदमे के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से निष्पक्ष और समयबद्ध सुनवाई करने की मांग भी की है। 8 अमेरिकी सांसदों में जिम मैकगोर्वन और जेमी रस्किन शामिल हैं। जिन्होंने राजदूत क्वात्रा के समक्ष चिंता जताते हुए पत्र के माध्यम से ये भी कहा है कि हमारी ओर से 2020 के दंगों के मामले को लेकर जांच शुरू होने से पहले की गई व्यक्तिगत गिरफ्तारी को लेकर चिंता जताई गई है। जिसमें खालिद भी शामिल है। भारत और अमेरिका दीर्घावधि सामरिक साझेदारी को साझा करते हैं। जिसकी जड़ें लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक प्रशासन और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों की बुनियाद पर टिकी हुई हैं।

# पाकिस्तानी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का यही सही वक्त

## बलूच नेता ने लिखा जयशंकर को खुला पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से केवल भारत ही त्रस्त नहीं है। बल्कि इससे क्षेत्र के बाकी इलाकों में भी अशांति और अस्थिरता की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। मामले को लेकर ताजा चिंता बलूचिस्तान के प्रमुख बलूच नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलोच की तरफ से जताई गई है। जिसमें उन्होंने नए साल के मौके पर 1 जनवरी को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा है। जिसमें मीर ने वर्तमान समय को ही पाकिस्तान की जमीन से आने वाले आतंकवाद के समूल नाश के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए भारत से सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने आगामी कुछ महीनों में बलूचिस्तान में चीन द्वारा अपनी सैन्य टुकड़ियां तैनात करने को लेकर भी खतरा जताया है। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की सराहना करते हुए मीर ने



कहा कि हम मोदी सरकार द्वारा पिछले साल-2025 में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से की गई साहसिक और दृढ़ कार्रवाई की प्रशंसा करते हैं। जिसमें खासतौर पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी केंद्रों को निशाना बनाने और पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाक सेना के खिलाफ निर्देशित कार्रवाई की गई थी। यह उपाय अनुकरणीय साहस और क्षेत्रीय सुरक्षा तथा न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## भारत को दिया अटूट समर्थन

बलूच नेता ने कहा, हमारे लोग बीते 69 वर्षों से पाकिस्तान के सरकारी कब्जे, उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का दंश झेल रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि इस गंभीर समस्या को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। जिससे हमारे राष्ट्र (बलूचिस्तान) के लिए स्थायी शांति और संप्रभुता सुनिश्चित की जाए। भारत और बलूचिस्तान के सामने मौजूद खतरे वास्तविक और आसन्न हैं। इस लिहाज से हमारे द्विपक्षीय संबंध भी उतने ही ठोस और कार्यवाही, योग्य होनी चाहिए।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174, Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

**e-Notice Inviting Tender (e-NIT)**

**No.: 03-02/SLDC/e-bidding/TR-258/1860** **Raipur, Dtd.: 01-01-2026**

**Tender No. : TR-258**

Name of the work:

**Tender for Deployment of 02 Nos. Experienced Engineers for On-Site Operation & Maintenance of SLDC Chhattisgarh Website and Maintenance of Web-Scheduling Portal for 01 Year.**

Online bids are invited through CSPTCL Tendering System (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

**Important Dates:**

Last date for Submission of Tender Document:**22.01.2026, upto 12:00 PM Only.** Date of opening of Tender Document:**22.01.2026 at 12:30 PM.The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.**

// Save Electricity //

CHIEF ENGINEER (SLDC), CSPTCL, RAIPUR

# भारतीय फार्माकोपिया 2026 में 121 नए मोनोग्राफ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में भारतीय फार्माकोपिया 2026 (आईपी) 2026- भारत के औषधि मानकों की आधिकारिक पुस्तक के 10वें संस्करण का विमोचन किया। यह संस्करण दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता को मजबूत करने के भारत के निरंतर प्रयासों की एक कड़ी है। नड्डा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय फार्माकोपिया 2026 में 121 नए मोनोग्राफ शामिल किए गए हैं, जिससे मोनोग्राफ की कुल संख्या बढ़कर 3,340 हो गई है।

उन्होंने आगे कहा कि तपेदिक रोधी, मधुमेह रोधी और कैंसर रोधी दवाओं के साथ-साथ आयरन सप्लीमेंट सहित प्रमुख चिकित्सीय श्रेणियों में कवरेज को काफी मजबूत किया

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा एवं खरोरा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ताराशिव में कंट्रोल रूप शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। जिससे उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईन की विद्युत सप्लाई बंद होगी। अतः नीचे तालिका में दर्शित दिनांक को सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फिडर से निकलने वाली समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 06.01.2026 | 33 के.व्ही. मूरा फीडर | बेबो राइस, जे.डी. हार्ड, पूर्नव रिर्सोस एवं आसपास के उच्चदाब उपभोक्तागण |
| 2 | 06.01.2026 | 33 के. व्ही. खरोरा फीडर | आर.के. शारडा, श्री इडस्ट्रीज, बाबा बैद्यनाथ, एवं आसपास के उच्चदाब उपभोक्तागण |
| 3 | 06.01.2026 | 33 के.व्ही. बी.पी.सी.एल. फीडर | अंजनी वायर, बी.पी.सी.एल., ब्लेक रॉक, अष्ठ धातु एवं आसपास के उच्चदाब उपभोक्तागण |
| 4 | 06.01.2026 | 11 के.व्ही. मोहरेंगा फीडर | ग्राम चिचोली, गौरखेडा, मोहरेंगा के आसपास के निम्नदाब उपभोक्तागण |
| 5 | 06.01.2026 | 11 के.ही. छतौद फीडर | छतौद, ताराशिव के आसपास के निम्नदाब उपभोक्तागण |
| 6 | 06.01.2026 | 11 के.ही. खमरिया फीडर | नकटी, ताराशिव, एवं खमरिया के आसपास के निम्नदाब उपभोक्तागण |

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"

असुविधा के लिए खेद है

Credible Chhattisgarh

(धनंजय कुमार वर्मा)
कर्मचारी संख्या-92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा. / संधा.)
संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-46433/1

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar - Raipur 492 002, Chhattisgarh
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT NO: **87**/EG:HNLU/SEE/CE/NRANVP/**2025-26**, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: **31.12.2025**

**Name of Work:** "Construction of Entrance Gate & Allied Infrastructure Works at HNLU Sector-40, Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)

**Estimated cost : INR 1.52 Crs, EMD : INR 1.60 Lakhs**

**Period of Completion : 12 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 21.01.2026**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**Superintending Engineer**
**NRANVP**

S-46428/1

**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
**MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04**
**Tele Fax : 0651-2331828, Email: dirjhakhandtourism@gmail.com/ jtdcltd@gmail.com**

Ref. No.:- 01 /2026 **VERY SHORT TENDER NOTICE** Date :-02/01/2026

**Tender For Selection of Agency for Set Up Operation & Management of Pre-Fabricated Cottages Facilities Latehar, Jharkhand (3rd Call)**The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to publish RFP for **Selection of Agency for Set Up Operation & Management of Pre-Fabricated Cottages Facilities Latehar, Jharkhand (3rd Call)**

The detailed RFP document can be downloaded from the below mentioned website : **https://jtdcl.jharkhand.gov.in,** and submit their offline Applications.

The applications Submission Due date is on or before **15/01/2026 at 05.00 Pm** and the date of opening of the tender on **16/01/2026 at 11.30 Am.** All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
**Deputy Director**

PR 369935 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(25-26)#D

## बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का आज उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की ग्रैंड इंटरनेशनल प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसका शीर्षक द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के नेक विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह हमारे युवाओं और हमारी समृद्ध संस्कृति के बीच के बंधन को और गहरा करने का भी प्रयास है।

## 'पूर्व सैनिकों की योजना कमजोर कर रही सरकार'

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए चल रही ईसीएचएस (एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम) को जानबूझकर कमजोर करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने 20 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों के इलाज के लंबित बिलों और योजना के लिए बेहद कम बजट आवंटन का मुद्दा उठाते हुए देशव्यापी "सेव ईसीएचएस" अभियान की शुरुआत की।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत कर्नल रोहित चौधरी ने चेतावनी दी कि इस योजना के लिए 14,000 करोड़ रुपये 30 जनवरी तक जारी किए जाएं, वरना पूर्व सैनिक सड़क पर उतरेंगे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला- धमतरी (छ.ग.)**
Phone 07722-236704, (Office) E-mail- ee-res.dhamtari@nic.in

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10**

**क्रमांक/ /निविदा/ ग्रा.यां.से./25-26 धमतरी, दिनांक /05/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मनरेगा एवं अन्य योजना के लिये लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकर विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/डीलर से कार्य विभाग मैन्युअल के अपेडिंक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र "सी" में पंजीकृत डाक द्वारा दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 20.01.2026 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक 21.01.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे ठेकेदार/ उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी ।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 05.01.2026 से देखी/ डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी**
**जिला- धमतरी (छ.ग.)**

G-252605790/1

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़ (आदिवासी विकास शाखा)**

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-**

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/2025-26/2601/ बीजापुर, दिनांक 01-01-2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित आश्रम / छात्रावास भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनाँक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्वति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | NIT क्र./दि | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 48/01.01.2026 | 182901 | आदिवासी बालक आश्रम पापनपाल | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 2 | 49/01.01.2026 | 182903 | आदिवासी बालक आश्रम गंगालूर | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 3 | 50/01.01.2026 | 182904 | आदिवासी कन्या आश्रम गंगालूर | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 4 | 51/01.01.2026 | 182906 | आदिवासी बालक आश्रम पामगल | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 5 | 52/01.01.2026 | 182907 | आदिवासी बालक आश्रम मुरदण्डा | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 6 | 53/01.01.2026 | 182909 | आदिवासी बालक आश्रम चेरामंगी | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा अंतिम तिथि (Bid due Date) 23.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है । निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start Date) 05.01.2026 से है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट-https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास-बीजापुर**

G-252605794/3

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्या– 10/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक– 31.12.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/15/ 2025-26 | लावालौंग | सिलदाग/ नावाडीह | Construction of Road from Kataili Mahuaa More to Nawadih | 49673900.00 | चार करोड़ छियानबे लाख तिहत्तर हजार नौ सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.01.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.01.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.01.2026 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
7. यदि बिड्डर/निविदादाता का कोई कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा किसी भी अन्य विभाग में पिछल 06 (छः) माह से अधिक लंबित पाया जाता है तो उसकी निविदा को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
8. किसी भी परिस्थिति में बिड्डर/निविदादाता के तकनीकी बिड खुलने/स्वीकृत होने के उपरान्त् ई–निविदा से वापस होने पर बिड्डर/निविदादाता के विरूद्ध SBD के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 369880 Rural Work Department (25-26)_D

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला – बस्तर (छ.ग.)**

क्र./ / नपानि / रा.शा/2025 जगदलपुर दिनांक.................

**अल्पकालिन दुकान निविदा आमंत्रण सूचना पत्र**

नगरपालिक निगम, जगदलपुर के स्वामित्व की विभिन्न स्थानों में निर्मित शेष दुकानों का नीलामी बंद लिफाफा पद्धति से किये जाने हेतु कोरा निविदा प्रपत्र, दिनांक 06-01-2026 से 27-01-2026 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय के राजस्व शाखा में पहुँचकर प्राप्त किये जा सकतें है। मोहर बंद निविदाओं को दिनांक 30.01.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बंद लिफाफा पद्धति के आधार पर आमंत्रित है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 30.01.2026 को अपरान्ह 4:30 बजे उपस्थित निविदादाता एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । निविदा हेतु दुकानों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | दुकानों का स्थान का नाम | निविदा का प्रकार | दुकान क्र. |
|---|---|---|---|
| 1 | संजय मार्केट परिसर | नालामी (घोष विक्रय के माध्यम से) शासकीय दर पर | दु. क्र. - डी12, ई5, 14, 17, 26, 27, एक्स9, एक्स 10, |
| 2 | नया बस स्टैण्ड परिसर के पीछे की दुकान | | दु. क्र. 12 |
| 3 | डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर (पालिका बाजार) | | दु. क्र. 10, 13, 15, 16, 17, 18, 23, 28, 29 |
| 4 | गीदम रोड़ में स्थित गुण्डाधुर पार्क के पास | | दु. क्र. 04 |
| 5 | पं. दीनदयाल उपाध्याय व्यवसायिक परिसर (बैलाकोठा) | | दु. क्र. जी-12, जी-13 एवं जी-15 |

**नोट :–** सरल क्रमांक 1 से 5 तक की घोष विक्रय दुकानों के शासकीय दर का 2 प्रतिशत वार्षिक किराया निर्धारित रहेगा तथा दुकान संबंधी अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन समय पर राजस्व शाखा में तथा निगम के वेब साईट से प्राप्त कर सकते है।

**आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, जगदलपुर**

S-46430/2

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति,**
**चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा, छ.ग.**
email address- gmckorba@gmail.com, website- www.sbdmscm.edu.in, Telephone- 07759-297275

**क्र./शा.चि.म.को./भण्डार-क्रय/2025-26/5114 कोरबा, दिनांक : 29/12/25**

**// दावा आपत्ति सूचना //**

स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा, छ.ग. की ओर से निम्न चिकित्सकीय उपकरण सांपत्तिक प्रकृति (Proprietary Character) होने के कारण रिएजेंट/ कन्ज्युमेबल /किटस/ कंट्रोलर क्रय करने हेतु दावा आपत्ति सूचना आमंत्रित की जा रही है। प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट https://sbdmscm.edu.in में अवलोकन कर प्राप्त किये जा सकते है।

| S. N. | Name of Equipment | Make | Model No. | Name of Deparment |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Semi Automated Biochemistry Analyzer | Meril Diagnostics Private Limited | CliniQuant Micro | Biochemistry |
| 02 | Fully Automated Biochemistry Analyzer | Meril Diagnostics Private Limited | Merilyzer Autoquant 400i | Biochemistry |
| 03 | 3 Part Hematology Analyser | Meril Diagnostics Private Limited | Merilyzer CelQuant Edge | Pathology |

दावा आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि- 27/01/2026 समय- संध्या 5.30 बजे ।
स्थान- स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा, छ.ग. ।

**अधिष्ठाता**
**"स्व. बिसाहू दास महंत" स्मृति**
**चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)**

G-252605781/1

**माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता**

**शक्कर विक्रय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 001** **दिनांक 02/01/2026**

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित अम्बिकापुर ग्राम केरता जिला सूरजपुर (छ.ग.) में पेराई सत्र 2025-26 में उत्पादित शक्कर, एम-30 को माह जनवरी 2026 में आबंटित घरेलु कोटा शक्कर विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छूक फर्मो/निविदाकारों द्वारा निविदा में भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर शक्कर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311.00 रूपये (1000.00 रूपये एवं 311.00 रूपये चिप्स द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement http://eproc.cgstate.gov.in) से निविदा फार्म डाऊनलोड़ कर भरकर अपलोड़ कर सकते है।

| क्रं | निविदा का विवरण | प्रस्तावित मात्रा (मी.टन में) | निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पेराई सत्र 2025-26 का शक्कर विक्रय ई-निविदा | M-30, 1500 MT | दिनांक 03/01/2026 को समय शाम 05.00 बजे से दिनांक 10/01/2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा | दिनांक 10/01/2026 को समय दोपहर 12:05 बजे के बाद |

उक्त ई-निविदा को कारखाना के प्रशासनिक कार्यालय ग्राम केरता में खोली जावेगी। ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र हेतु कारखाने के **Website-www.mahamayasugar.com** एवं ऑनलाईन वेबसाईट (**E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**) पर देखा जा सकता है। एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

**प्रबंध संचालक**

## खबर संक्षेप



### अदाणी ग्रीन ने गठित की नई इकाई एई5एल

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने एक जनवरी 2026 को अपनी अनुषंगी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग इलेवेन लिमिटेड की इकाई अदाणी इकोजेन फाइव लिमिटेड (एई5एल) का गठन किया है। यह सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली का उत्पादन करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एई5एल भारत में स्थापित की गई है और इसे एक जनवरी को अहमदाबाद स्थित कंपनी पंजीयक में पंजीकृत किया गया है।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 719 करोड़ रुपए का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को 719 करोड़ रुपये का ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर शहरी बुनियादी ढांचा कारोबार को महाराष्ट्र के ठाणे में एक एलिवेटेड मेट्रो रेल परियोजना के लिए मिला है। केपीआईएल ने कहा कि उसे लगभग 719 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं।

### किसानों के संगठन एफएआईएफए ने किया आगाह

# तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से किसानों को होगा नुकसान, तस्करी को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से किसानों की आय को नुकसान होगा तथा अवैध व्यापार से पहले से ही जूझ रहे बाजार में तस्करी और बढ़ जाएगी। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण व शुल्क संग्रह) नियम, 2026 के तहत लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट 'स्टिक' पर 2,050-8,500 रुपये का उत्पाद शुल्क एक फरवरी से लगाने की घोषणा की है।

**किसानों की आजीविका पर इसका भारी असर पड़ेगा**

## कर सुधार में सरकार ने आश्वासन के विपरीत निर्णय लिया

### किसानों को लगा गहरा सदमा

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों के संगठन एफएआईएफए ने कहा कि शुल्क में वृद्धि राजस्व-तटस्थ कर सुधार के संबंध में सरकार के आश्वासनों के विपरीत है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने बयान में कहा, "हमें यह देखकर गहरा सदमा लगा है कि वादा पूरा नहीं किया गया बल्कि किसानों की आजीविका की कीमत पर करों में भारी वृद्धि से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है।"



### सिगरेट की खपत कम होगी

किसानों के संगठन ने आगाह किया कि खुदरा कीमतों में वृद्धि से सिगरेट की कानूनी खपत कम हो जाएगी जिससे घरेलू स्तर पर उगाए गए तंबाकू की मांग प्रभावित होगी तथा संभावित रूप से फसल बाजार में अधिकता उत्पन्न हो जाएगी।

### एफसीवी तंबाकू पर प्रति खराक छह रुपए से अधिक का कर

संगठन ने बताया कि तैयार उत्पादों में एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपये से अधिक का कर लगता है जबकि बीड़ी तथा चबाने वाले उत्पादों पर प्रति इकाई एक पैसे से भी कम कर लगता है। एफएआईएफए द्वारा उद्धृत उद्योग अनुमानों के अनुसार भारत, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार बनकर उभरा है जिसमें अवैध उत्पादों का कुल खपत में करीब 26 प्रतिशत हिस्सा है।

### सरकारी राजस्व में कमी आएगी

संगठन ने आगाह किया कि करों के कारण कीमतों में वृद्धि से वैध तथा तस्करी वाले उत्पादों के बीच का अंतर बढ़ेगा जिससे प्रवर्तन प्रयासों में बाधा आएगी एवं सरकारी राजस्व में कमी आएगी। एफएआईएफए के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दशक में एफसीवी तंबाकू का उत्पादन लगभग स्थिर रहा है। 2023-24 में नीलाम की गई मात्रा 30.421 करोड़ किलोग्राम थी।

### खेती का क्षेत्रफल 2013-14 से घट गया

खेती का क्षेत्रफल 2013-14 में 2,21,385 हेक्टेयर से घटकर 2020-21 में 1,22,257 हेक्टेयर हो गया है जिसके परिणामस्वरूप कृषि एवं नीलामी तंत्र में करीब 3.5 करोड़ मानव श्रम दिवस के रोजगार का नुकसान हुआ है। बढ़ती लागतों ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के उर्वरक मूल्य सूचकांक में 2025 की शुरुआत से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसमें 'डाई-अमोनियम फॉस्फेट' की कीमतों में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि अधिसूचित कृषि मजदूरी दरें वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत बढ़ी हैं। एफएआईएफए ने सरकार से उत्पाद शुल्क वापस लेने और राजस्व-तटस्थ शुल्क लागू करने का आग्रह किया है जो तस्करी को हतोत्साहित करते हुए घरेलू कृषि का समर्थन करे।

# सोने में 1,100 और चांदी में 4,000 रुपए की रही तेजी

## सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 2,41,400 रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा।

इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। सिंह ने इस धातु के अल्प अवधि के परिदृश्य के बारे में कहा, "अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है।" विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### वैश्विक बाजार में चांदी में रही तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों ने शुक्रवार को वर्ष 2026 की सकारात्मक शुरुआत की। वर्ष 2025 में चार दशकों से ज्यादा समय में सबसे मजबूत सालाना बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई।"

## छोटी कारों की कीमतें बढ़ाने पर मारुति जल्द करेगी फैसला

**नई दिल्ली।** अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया अपनी छोटी कारों की कीमतें बढ़ाने की संभावना पर जल्द ही कोई फैसला करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मारुति ने सितंबर में छोटी कारों पर जीएसटी दरों में की गई कटौती के बाद अपने स्तर पर भी इन वाहनों की कीमतों में कटौती की थी। इसकी वजह से पिछले कुछ महीनों में कंपनी की छोटी कारों की बिक्री बढ़ी है।कंपनी ने 'एस-प्रेसो'' मॉडल की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के10 मॉडल की कीमतों में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो मॉडल की कीमतों में 94,100 रुपये तक और वैगन-आर मॉडल की कीमतों में 79,600 रुपये तक की कटौती की थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, "छोटी कारों के रणनीतिक मूल्य निर्धारण के पीछे हमारा मकसद अधिक लोगों तक कारों की पहुंच बढ़ाना था।"



### घरेलू संस्थागत निवेशकों की और से निवेश जारी

# निफ्टी ने नया शिखर छुआ, सेंसेक्स ने 573 अंकों की लगाई ऊंची छलांग



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई।

कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था। निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का अपना सर्वकालिक उच्च स्तर भी हासिल किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"नए साल की छुट्टियों के बाद वैश्विक बाजारों ने 2026 का सकारात्मक आगाज किया जबकि मजबूत वाहन बिक्री ने घरेलू बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। तीसरी तिमाही के नतीजों की तरफ ध्यान केंद्रित होने के बीच निवेशक धारणा रचनात्मक बनी हुई है।

### एफएमसीजी खंड रहा नुकसान में

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.97 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.79 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में 2.71 प्रतिशत, बिजली खंड में 2.26 प्रतिशत, ऊर्जा खंड में 1.58 प्रतिशत और पीएसयू बैंक खंड में 1.53 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सिर्फ एफएमसीजी खंड ही नुकसान में रहा।

### तंबाकू उत्पाद के शेयरों में रही गिरावट

सिगरेट एवं तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क एवं उपकर लगाने की घोषणा से आईटीसी, गॉडफ्रे फिलिप्स और वीएसटी इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट रही।

## विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 3.29 अरब डॉलर बढ़ोतरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 113.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.80 अरब डॉलर हो गया।

- समाप्त सप्ताह को भंडार बढ़कर 696 .61 अरब डॉलर

## हुडको ने 46 हजार करोड़ रुपए के ऋण किए मंजूर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) ने इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 46,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण मंजूर किए हैं। हुडको ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर अवधि में 1,39,151.92 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं। तीसरी तिमाही में इसने 46,167.32 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए। हुडको ने इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 41,346.70 करोड़ रुपये के ऋण बांटे हैं।

### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने बताया कि दिसंबर में लौह अयस्क उत्पादन में सालाना आधार पर 14.64 प्रतिशत और बिक्री में 18.67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। खनन कंपनी ने दिसंबर 2025 में 54 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन किया, जो वर्ष 2024 के इसी महीने में 47.1 लाख टन से कहीं ज्यादा है। समीक्षाधीन महीने में लौह अयस्क की बिक्री बढ़कर 66.4 लाख टन हो गई। जबकि दिसंबर 2024 में यह 39.1 लाख टन थी। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एनएमडीसी का कुल उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-दिसंबर में बढ़कर 3 करोड़ 68 लाख टन हो गया।

### बिजनेस साइट

## रायपुर में 'इवॉल्व' का हुआ 10वां संस्करण आयोजित

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में एमएसएमई के लिए अपनी मल्टी-सिटी नॉलेज सीरिज 'इवॉल्व' का 10वां संस्करण आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उद्यमियों, उद्योग जगत के लीडर्स और नीति विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया, ताकि भारत के एमएसएमई परिदृश्य को आकार देने वाले अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की जा सके। कार्यक्रम का विषय था - '10 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करते एमएसएमई'। 120 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों की उपस्थिति के साथ, यह सत्र भारत के विकास के अगले चरण को परिभाषित करने वाले विकास के मार्गों और चुनौतियों पर चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता रहा। इसमें एक्सिस बैंक - ईस्ट 2, क्षेत्रीय शाखा बैंकिंग प्रमुख के सौरभ दत्ता, एक्सिस बैंक-एसईजी एसेट, कमर्शियल बैंकिंग समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष रतुल मुखोपाध्याय और एक्सिस बैंक-ट्रेज़री एवं मार्केट्स सेल्स की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुश्री पूजा गुप्ता ने एमएसएमई इकोसिस्टम पर अपने विचार व्यक्त किए।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- बच्चों के रेडीमेड वस्त्रों (होलसेल) की दुकान में कार्य करने अनुभवी लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ज्योति किड्स वेअर l g v p पंडरी रायपुर 9425215272.(RO-129)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान में 25 - 35 वर्षीय पढ़ी-लिखी महिला केयर टेकर 24 घंटे रहने- खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन। बाहरी व जरूरतमंद महिला को प्राथमिकता। संपर्क करें- 7225844359.(RO-6523)

**घरेलु नौकर**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12 घंटे एवं 24 घंटे* कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता अनुभवः 5 वर्ष योग्यताः न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 25,000 प्रतिमाह सुविधाएंः रहने और खाने की व्यवस्था नि.शुल्क स्थानः सिविल लाइन्स रायपुर केवल अनुभवी और जिम्मेदार संपर्क करें:- 9109125252/ 9109972720. (RO-447)

हरिभूमि

**इंचार्ज/सेल्स अधिकारी**

आवश्यकता है- राधा कृष्ण सेवा संस्थान में, रायपुर एवं बिलासपुर के लिए कार्यालय इंचार्ज, विकास अधिकारी, सेल्स ऑफिसर चाहिए, शासकीय सेवा मुक्त को प्राथमिकता सिविल ग्रेजुएशन, ग्रेजुएट भी संपर्क कर सकते हैं मो. 8109100493. (प्रबंधक आर.के.एस.एस)(RO-6521)

आवश्यकता है- मोबाइल शॉप में कार्य हेतु (ऑलराउन्डर) इमानदार लड़के या लड़की व टैक्नीशियन की आवश्यकता है। टैली कार्य भी आता हो तो अतिउत्तम आल आई रिपेयर पंडरी (भाटागांव) रायपुर - 7987590745, 9993335496.(RO-6522)

**साउंड सिस्टम ऑपरेटर**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.(RO-446)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर में एक बूढ़े व्यक्ति के रोज के कामों में मदद करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। रहने और खाने की व्यवस्था है। संपर्क करें 9752540608.(RO-meeth)

आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक पताः- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-4128)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। मणिधारी ट्रेडर्स औषधि वाटिका, डूमरतराई 9669164000, 9165929000.(RO-Aditya)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करे द बैंगल स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर मो. 93028-22500.(RO-130)

आवश्यकता है- लेडिस गारमेंट कि रिटेल शॉप के लिए हेल्पर, सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कैशियर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें:- 9893253788, 9827879961, 9827879962.(RO-54)

**सेल्स हेड/मैनेजर**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित पेस्टिसाइड कंपनी हेतु रायपुर/ C.G. के लिए Regional Sales Head, Area Sales Manager, Sales Executive एवं Field Staff की। अनुभव 1-2 वर्ष। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। बायोडाटा तुरंत ईमेल करें:naarandcompany @gmail.com (RO-6524)

**Property प्रापर्टी**

**दुकान**

बेचना है- प्रीमियम शॉप स्पेस फॉर सेल शहीद स्मारक काम्पलेक्स अपोजिट नवभारत प्रेस ग्राउंड फ्लोर 02 शॉप प्रत्येक शॉप 550 स्क्वायर फीट संपर्क- 9431103284, 9955712450. (RO-6595)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4129)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152
हरिभूमि क्लासीफाईड

क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है, ये खुरापाती नीम हकीम आपको भ्रम में डालकर पागल बनाकर ही छोड़ेंगे सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है।

पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं।



### पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना

टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।



### पडिक्कल को मौका मिलना मुश्किल

विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान (नंबर चार पर बल्लेबाजी) और देवदत्त पडिक्कल (सलामी बल्लेबाज) हैं। शुभमन गिल, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की टीम में जगह पक्की होने के कारण पडिक्कल को मौका देना मुश्किल होगा। सरफराज खान ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर रुतुराज गायकवाड़ पहले ही दावेदारों में उनसे आगे निकल चुके हैं।

---

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ

**यानबू ।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे।



केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### सुदर्शन की पसली में फ्रैक्चर मैदान से हो सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रैक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है।

---

वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेलें जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।



### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद्द कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। ' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। ' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

---

लास्ट मैच सिडनी में

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ 'अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है।'

### नस्लीय रुढ़िवादिता से पूरी जिंदगी जूझा

ख्वाजा ने कहा, 'मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है, जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रुढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं, जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं।' ख्वाजा ने कहा, 'मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।' ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है।

---

एसए20

# अंक तालिका में टॉप पर सुपर किंग्स डीएसजे को सुपर ओवर में हराया



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

■ एसए20 के इतिहास में पहली बार मैच रहा टाई

सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा।

ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### महाराष्ट्र के शुभम रंजने ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले सुपर किंग्स की तरफ से महाराष्ट्र के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका के शुभम रंजने की 31 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। फेरेरा ने 10 गेंदों में नाबाद 33 रन की तूफानी पारी खेली जबकि मैथ्यू डी विलियर्स (38) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (30 गेंदों में 47 रन) ने पहले नौ ओवरों के भीतर 89 रन की साझेदारी करके जोबर्ग को अच्छी शुरुआत दी थी। सुपर जायंट्स की तरफ से इवान जोन्स (43), हेनरिक क्लासेन (29) और एडेन मार्क्रम (37) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



---

# साउथ अफ्रीकी टीम का ऐलान, रिकेल्टन और स्टब्स बाहर

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

टी20 वर्ल्ड कप

दक्षिण अफ्रीका ने आगामी टी20 विश्व कप (भारत और श्रीलंका में आयोजित) के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की, जिसमें विस्फोटक बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स का चयन नहीं किया गया है जबकि एडन मारक्रम की अगुआई वाली इस टीम में 2024 चरण के फाइनल में खेलने वाले सात खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। मारक्रम के अलावा अनुभवी सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, मार्को यानसन, एनरिक नोर्किया, आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर और अनुभवी स्पिनर केशव महाराज मौजूदा टीम का हिस्सा हैं, जो 2024 के उस फाइनल में खेले थे।



**दक्षिण अफ्रीका की टीम**
एडन मारक्रम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), टोनी डी जोर्जी, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, जेसन स्मिथ।

### जिम्बाब्वे टीम घोषित, बेनेट को मिली जगह

जिम्बाब्वे के युवा बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को अगले महीने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अनुभवी सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। आईसीसी क्वालीफायर और पाकिस्तान दौरे पर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले 22 साल के बेनेट के पास अब वैश्विक मंच पर खुद को साबित करने का मौका होगा।

**जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैडली इवांस, क्लाइव मैडेंडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, ब्रेंडन टेलर।

---

# नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।



---

18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा



### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।




# अंतरिक्ष का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी अब उगल रहा पानी

**वॉशिंगटन।** ओलिंपस मॉन्स मंगल ग्रह के पश्चिमी हिस्से में भूमध्य रेखा के पास है। यह थारसिस नाम के एक बड़े ज्वालामुखी इलाके में आता है। यह ज्वालामुखी धरती के किसी भी पहाड़ से कहीं ज्यादा ऊंचा और चौड़ा है। इसकी ऊंचाई करीब 26 किलोमीटर तक जाती है। इसका फैलाव 600 किलोमीटर से भी ज्यादा है। इतना बड़ा होने के बावजूद यह ऊपर से देखने पर बहुत ज्यादा नुकीला नहीं लगता। इसके चारों तरफ कई किलोमीटर ऊंची गोल दीवार जैसी संरचना है। बीच में गहरे गड्ढों से भरा बड़ा सा गड्ढा मौजूद है जिसे कैल्डेरा कहा जाता है।

### चोटी पर मिला पानी का फ्रॉस्ट

2024 में वैज्ञानिकों ने ओलिंपस मॉन्स की चोटी के पास पानी की बर्फ के हल्के संकेत देखे। यह बर्फ मौसम के साथ आती-जाती रहती है। मात्रा बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन फिर भी यह करीब 60 ओलंपिक स्विमिंग पूल जितने पानी के बराबर मानी जा रही है। आग उगलने वाले ज्वालामुखी की चोटी पर पानी का होना वैज्ञानिकों के लिए हैरानी की बात है।



### पहले कैसे दिखता था ओलिंपस मॉन्स

अंतरिक्ष यान पहुंचने से पहले धरती से टेलीस्कोप के जरिए मंगल पर एक चमकीला सा धब्बा दिखता था। वैज्ञानिकों ने उसे निक्स ओलंपिका या ओलिंपिक स्नो नाम दिया था। उन्हें लगता था कि यह कोई बर्फीली जगह है। 1971 में नासा के मेरिनर-9 यान ने साफ कर दिया कि यह बर्फ नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा ज्वालामुखी है। दुनिया को मंगल के इस विशाल पहाड़ का असली आकार समझ में आया।

### बिना टेक्टोनिक प्लेट्स के कैसे बढ़ा

धरती पर ज्वालामुखी प्लेटों की हलचल से बनते हैं। प्लेटें खिसकती रहती हैं इसलिए ज्वालामुखी ज्यादा देर एक जगह सक्रिय नहीं रहते। मंगल पर प्लेटें नहीं खिसकतीं हैं। ओलिंपस मॉन्स एक ही जगह पर लंबे समय तक लावे का स्रोत बना रहा था। लाखों साल तक बार-बार लावा निकलता रहा और पहाड़ बढ़ता ही चला गया था।

### क्या यह ज्वालामुखी पूरी तरह मर चुका है

आज ओलिंपस मॉन्स से कोई विस्फोट नहीं हो रहा है, लेकिन यह पूरी तरह बहुत पुराना भी नहीं है। कुछ लावा बहाव करीब 2.5 करोड़ साल पुराने माने जाते हैं। जो ग्रहों के हिसाब से ज्यादा पुराना समय नहीं है। मंगल का पतला वातावरण और पानी की कमी इस ज्वालामुखी को ज्यादा घिसने नहीं देती इसलिए आज भी यह लगभग उसी हालत में नजर आता है।

## रोचक खबरें



## भारत का सबसे अनोखा गांव, जहां एक-दूसरे को अनोखे तरीके बुलाते से हैं लोग

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई शहरों और गांवों को अनोखी वजहों से जाना जाता है। भारत में भी एक ऐसा ही गांव है, जिससे उसके अनोखे अंदाज के लिए जाना जाता है। हम आपको अपनी खबर में गांव की खासियत के बारे में बताते हैं। दुनिया में कोई ऐसा नहीं होगा जिसका नाम न हो। नाम से ही लोग एक दूसरे को बुलाते हैं। माता-पिता द्वारा दिए गए नाम से ही लोगों को पहचाना जाता है, लेकिन भारत के एक गांव में लोगों को नाम से नहीं, बल्कि एक धुन से बुलाया जाता है। भारत का यह अनोखा गांव। मेघालय राज्य में स्थित है, जहां लोग एक दूसरे को सीटी बजाकर बुलाते हैं। इसकी वजह से बच्चे के पैदा होने पर उसके नाम पर एक धून तय हो जाती है और यही उनका नाम हो जाता है। अब आपके मन में सवाल खड़ा हो रहा होगा कि बिना नाम लिए किसी को कैसे बुलाया जाता होगा? किसी को बुलाने के लिए क्यों सीटी बजानी होती है। भारत में मेघालय में स्थित यह गांव बिल्कुल अलग है। खासी पहाड़ी में स्थित गांव का नाम कांगथान है। इसकी अनोखी खासियत के लिए इस गांव को व्हिसलिंग विलेज भी कहा जाता है। गांव में बच्चा पैदा होने पर उसकी मां उसे एक अलग धुन बनाकर सुनाती है। धीरे-धीरे बच्चा धुन सुनकर पहचाना जाता है कि यह उसके नाम की धुन है।

## इस रहस्यमयी जगह पर लोग आत्माओं से करते हैं बात



**न्यूयार्क।** वर्तमान समय में अगर कोई कहे कि वो आत्माओं से बात करता है, तो क्या आप इस बात पर विश्वास करेंगे। यकीनन कोई नहीं मानेगा, क्योंकि दुनिया में अंधविश्वास इतना ज्यादा बढ़ गया है कि कोई अगर सच भी कहे तो उस पर यकीन करना मुश्किल होगा, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे शहर के बारे में बताएंगे, जहां 1-2 लोग नहीं बल्कि वहां की आधी आबादी आत्माओं से बातें करती है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, अमेरिका का कासाडागा टाउन दुनिया के सबसे अजीबोगरीब शहरों में से एक है। इस शहर को 'साइकिक कैपिटल' के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि यहां रहने वाले ज्यादातर लोग मनोविज्ञान के जानकार हैं और वो मरे हुए लोगों की आत्माओं से बातें करने का दावा करते हैं। इस टाउन को न्यूयॉर्क के आध्यात्मिक गुरु जॉर्ज कॉल्बी ने साल 1875 में बसाया था। पहले यहां बहुत कम लोग थे, लेकिन बाद में धीरे-धीरे यहां दूसरे शहरों से भी लोग आकर बसने लगे और वो खुद भी आध्यात्मिक गुरु बन गए। वर्तमान समय में दर्जनों आध्यात्मिक गुरु हैं, जो आत्माओं से बातें करने का दावा करते हैं। उनका कहना है कि उनके अंदर ऐसी शक्ति मौजूद है, जिससे वह माध्यम बनकर या अन्य तरीकों से परलोक गए व्यक्तियों की आत्माओं से संपर्क कर सकते हैं। कहा जाता है कि हर साल यहां हजारों लोग बुरी आत्माओं से मुक्ति पाने के लिए आते हैं।

## तीसरे विश्व युद्ध से लेकर आर्थिक संकट तक नास्त्रेदमस की डरावनी भविष्यवाणियां

**पेरिस।** भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2026 के मध्य से तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत हो सकती है। यह युद्ध आगे जाकर बेहद खतरनाक साबित होगा। धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर लोग एक-दूसरे की हत्या करेंगे। उन्होंने आगे अपनी भविष्यवाणी में कहा है कि समुद्री युद्ध एक बड़ी नौसेना या समुद्री घटना साल 2026 में दुनिया को हिलाकर रख सकती है। कोई बहुत बड़ा जहाज डूब सकता है या समुद्री युद्ध शुरू हो सकता है। उनका दावा था कि हो सकता है किसी देश की गलत हरकत से समुद्री तनाव अचानक बढ़ जाए और बड़े राष्ट्र आमने-सामने आ जाएं। नॉस्त्रेदमस के मुताबिक, जिस दिन जहाज समुद्र में गिरेगा, उस दिन महासागर की शक्ति से दुनिया की राजनीति में बदलाव हो जाएगा।




# आज रात धरती के बेहद करीब होगा चांद

नई दिल्ली। नए साल के शुरुआत में ही आपको आसमान में खास नजारा दिखने वाला है। 3 जनवरी को साल 2026 का पहला फुल मून दिखाई देगा। इसे वुल्फ मून कहा जाता है। यह लगातार चौथा सुपरमून होगा। इससे पहले अक्टूबर में हार्वेस्ट मून, नवंबर में बीवर मून और दिसंबर में कोल्ड मून सुपरमून के रूप में नजर आ चुके हैं। सुपरमून यानी आसमान में दिखने वाला चांद सामान्य से ज्यादा बड़ा और ज्यादा चमकदार दिखाई देगा। अगर मौसम साफ रहा तो यूके में लोग इस

### क्या होता है सुपरमून

चांद जब धरती के सबसे करीब होता है और उसी समय पूर्णिमा होती है। उसे सुपरमून कहा जाता है। चांद की धरती के चारों ओर



घूमने की दूरी हर समय बराबर नहीं रहती है। जब यह करीब होता है तो दूरी लगभग 3 लाख 54 हजार किलोमीटर होती है। वहीं, जब दूर होता है तो करीब 402,336 किलोमीटर होती है। इसी वजह से सुपरमून के समय चांद ज्यादा बड़ा और ज्यादा चमकदार दिखता है। आमतौर पर साल में तीन या चार सुपरमून होते हैं, लेकिन चार सुपरमून लगातार आना थोड़ा खास माना जाता है।

## 2026 में 12 नहीं,13 बार दिखेगा फुल मून!

### वुल्फ मून नाम क्यों पड़ा

पुराने समय में जब कैलेंडर नहीं होते थे, लोग मौसम और समय पहचानने के लिए चांद के नाम रखते थे। हर फुल मून का एक अलग नाम होता था। जैसे हार्वेस्ट मून, फ्लावर मून या हंटर मून आदि। जनवरी के फुल मून को वुल्फ मून कहा जाता है। माना जाता है कि सर्दियों में भेड़ियों की आवाजें ज्यादा सुनाई देती थीं, इसलिए ही यही नाम पड़ा होगा।



### कब और कहां दिखेगा चांद

वुल्फ सुपरमून शनिवार यानी 3 जनवरी को आसमान में दिखाई देगा। भारतीय समयानुसार यह 4 जनवरी रविवार की सुबह 3 बजकर 33 मिनट पर पूरी तरह गोल दिखेगा। बता दें कि चांद पूरी रात दिखेगा ,लेकिन यह सबसे खूबसूरत तब लगता है जब यह शाम के समय क्षितिज के पास उगेगा। ब्रिटेन के अलग-अलग शहरों में इसके उगने का समय दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच रहेगा।

### 2026 क्यों है खास साल

साल 2026 इसलिए भी खास है क्योंकि इस साल 12 की जगह 13 फुल मून होने वाले हैं। मई महीने में दो बार पूर्णिमा पड़ेगी जिसे ब्लू मून कहा जाता है। इसी से 'ईद का चांद होना' वाला मुहावरा जुड़ा है। इसके अलावा नवंबर और दिसंबर में भी सुपरमून देखने को यह मिलने वाले हैं।

### कैसा रहेगा मौसम

यूके में ज्यादातर तो आसमान साफ रहने की उम्मीद है। लोग वुल्फ मून देख सकेंगे। हालांकि नॉर्दर्न स्कॉटलैंड, पूर्वी इंग्लैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों में बादल और बर्फबारी भी हो सकती है। तेज ठंडी हवा चल सकता है साथ ही शाम होते तापमान शून्य से नीचे जा सकता है।

# चीन में आलू-टमाटर की तरह बिक रही चांदी, सड़कों पर रेहड़ी लगा रहे लोग

**बीजिंग।** जहां हर रोज सोने-चांदी की चमक आम बात हो, वहीं अगर 15 किलो की एक सिल्वर स्लैब सामने आ जाए, तो भीड़ का ठहरना तो बनता है। चीन के सबसे बड़े गोल्ड-ज्वेलरी हब शुइबेई से आई ये झलक इन दिनों सोशल मीडिया पर लोगों का खूब ध्यान खींच रही है। शेन्जेन के लुओहु डिस्ट्रिक्ट में बसा शुइबेई इलाका, चीन का सबसे बड़ा गोल्ड और ज्वेलरी हब माना जाता है। यहां हर दिन टन के हिसाब से सोना और चांदी खरीदी-बेची जाती है, लेकिन हाल ही में यहां बिक रही 15 किलो वजन की एसजीई सिल्वर स्लैब ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

## चीन के सबसे बड़े ज्वेलरी बाजार में 15 किलो की चांदी

### चीन का सबसे बड़ा गोल्ड-सिल्वर ट्रेड हब

शुइबेई इलाका, शेन्जेन के लुओहु डिस्ट्रिक्ट में स्थित है और इसे चीन का सबसे बड़ा सोना और आभूषण व्यापार केंद्र माना जाता है। देशभर के ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स, होलसेल ट्रेडर्स और निवेशक यहीं से सोना-चांदी खरीदते हैं। यहां रोजाना बड़े पैमाने पर फिजिकल सिल्वर और गोल्ड की खरीद-बिक्री होती है, जिसमें भारी वजन की स्लैब्स का दिखना असामान्य नहीं, लेकिन आम लोगों के लिए ये दृश्य चौंकाने वाला जरूर होता है।



### एसजीई सिल्वर स्लैब क्या होती है?

एसजीई का मतलब है शंघाई गोल्ड एक्सचेंज चीन की आधिकारिक और रेगुलेटेड कमोडिटी एक्सचें। एसजीई सिल्वर स्लैब एक तय शुद्धता (आमतौर पर 99.9%) की चांदी होती है।

# दुनिया के वो 5 देश, जहां सोने से भरी हैं खदान

नई दिल्ली। इस समय दुनिया में सोने के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत में तो लोग सोने में इन्वेस्ट करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में वो पांच देश कौन से हैं, जहां सबसे अधिक सोने की खदानें हैं? क्या इसमें भारत भी शामिल है? अगर नहीं तो भारत में इतना सोना आखिर आता कहां से है?

### चीन

दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड प्रोड्यूसर है। चीन 2024 में 380 टन (कुछ रिपोर्ट्स में 370-380 एमटी) सोना निकालकर लिस्ट में टॉप पर है। शानदोंग , हेनान और भीतरी मंगोलिया जैसे प्रांतों में बड़ी-बड़ी सोने की खदानें हैं। सख्त एनवायरनमेंट रूल्स से छोटी माइंस बंद हो गई है, लेकिन बड़ी कंपनियां मर्जर से और एफिशिएंट हो गई हैं। चीन घरेलू डिमांड (ज्वेलरी, टेक्नोलॉजी) पूरी करता है और एक्सपोर्ट भी करता है।

### रूस

सैंक्शंस के बावजूद रूस नंबर 2 पर है। रूस ने 2024 में 310-330 टन सोना निकाला, खासकर साइबेरिया की ओलंपियाड जैसी जायंट माइंस से। रूस-यूक्रेन क्राइसिस और सैंक्शंस के बाद भी स्टेट-बैक्ड कंपनियां नॉन-वेस्टर्न मार्केट्स पर फोकस कर रही है। हार्श वेदर में भी वर्टिकल इंटीग्रेशन से प्रोडक्शन स्टेबल है।



**कनाडाः** इन्वेस्टर-फ्रेंडली और ईएसजी स्टैंडर्ड्स इस देश में माइनिंग को आसान बनाती है। कनाडा ने 200 टन के करीब सोना निकाला सिर्फ ओंटारियो, क्यूबेक और ब्रिटिश कोलंबिया से। मजबूत पॉलिसी, अच्छी जियोलॉजी और एक्सप्लोरेशन से रिजर्व्स बढ़ रहे हैं। ये देश ग्लोबल एक्सपोर्ट में मजबूत है।

### ऑस्ट्रेलिया

ये देश ओपन-पिट माइंस का बादशाह है। ऑस्ट्रेलिया ने 290-300 टन सोना प्रोड्यूस किया। है। बोडिंगटन और कैडिया जैसी ओपन-पिट माइंस दुनिया की सबसे माइंस है। यूएसजीएस के मुताबिक यहां दुनिया के सबसे बड़े रिजर्व्स हैं। स्टेबल रूल्स, अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर और एक्सप्लोरेशन से ये टॉप 3 में बना हुआ है।

### अमेरिका

इस देश में गोल्ड माइनिंग में नेवादा का दबदबा है। अमेरिका ने 160-170 टन सोना प्रोड्यूस किया, जिसमें नेवादा का 75% हिस्सा है। अलास्का भी इसमें अहम योगदान देता है। बड़ी कंपनियां लॉन्ग-लाइफ माइंस चलाती हैं। रिफाइनिंग और एक्सपोर्ट भी बेहद मजबूत है।

## पत्थर खाकर जिंदा रहता था ये जीव! रेगिस्तानी चट्टानों में मिली सुरंगों ने खोल दिया राज

बर्लिन। रेगिस्तान में चट्टानों के अंदर वैज्ञानिकों को सुरंगें मिली हैं। जिन्हें देखकर वे खुद हैरान रह गए हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी हैं कि आंखों से सीधे दिखती भी नहीं। इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये सुरंगें किसी ऐसे सूक्ष्म जीव ने बनाई होंगी, जो अब इस दुनिया में मौजूद ही नहीं है। नामीबिया, ओमान और सऊदी अरब के रेगिस्तानी इलाकों में चूना पत्थर और संगमरमर की चट्टानों के अंदर ये अजीब सुरंगें पाई गई हैं। ये सुरंगें जमीन की सतह पर नजर नहीं आतीं हैं। चट्टानों को काटने पर इनके साफ निशान दिखते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com